# समृद्धि न्यूज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 69
लखनऊ, रविवार 09 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित


samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



भारतीय शतरंज खिलाड़ी राहुल वी.एस. ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छठी एशियाई इंडिविजुअल चैम्पियनशिप एक राउंड शेष रहते ही जीत ली है। इस जीत के साथ ही उन्होंने देश के 91वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव हासिल किया। 21 वर्षीय राहुल, जो पहले एशियाई जूनियर चैम्पियन भी रह चुके हैं, ने वर्ष 2021 में अपना इंटरनेशनल मास्टर खिताब हासिल किया था, जब उन्होंने चौथा और पांचवां आईएम नॉर्म पूरा किया था और 2400 की लाइव रेटिंग को पार किया था।


कौशल विकास व तकनीकी नवाचार राज्य के विकास के बनेंगे आधार 04

कैबिनेट मंत्री ने वंदे भारत ट्रेन को किया रवाना 12


# बिहार के लोगों ने इस बार बनाया है परिवर्तन का मन, बनेगी महागठबंधन की सरकार

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने धमदहा से महागठबंधन प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के समर्थन में की जनसभा, यूपी समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने भी किया धुंआधार प्रचार

▸ महागठबंधन से राजद प्रत्याशी को वोट देकर जीत दिलाएं व तेजस्वी यादव को बनाएं बिहार का सीएम

समृद्धि न्यूज



**पूर्णिया।** बिहार राज्य में चल रहे विधानसभा चुनाव के दौरान लोकसभा पूर्णिया की विधानसभा धमदहा से महागठबंधन के प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के समर्थन में शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/पूर्व मंत्री किरणमय नंदा के साथ विशाल जनसभा में शामिल होकर भारी मतों से जितवाने का आह्वाहन किया।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव भी शामिल हुए। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को पूर्णिया में महागठबंधन प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के लिए वोट अपील की। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव प्रचार को लेकर पूरे बिहार दौरा कर रहा हूं। लोगों से बात करता हूं तो मालूम पड़ता है कि बिहार के लोगों ने इस बार परिवर्तन का मन बनाया है। आने वाले 11 नवंबर को बिहार में वोटिंग होनी है। एक और एक मिलकर 11 होता है। बिहार में महागठबंधन को मजबूत करना है और बीजेपी को नौ दो ग्यारह करना है। मैं मानकर चल रहा हूं कि आने वाले 11 तारीख को आप बीजेपी को बिहार से विदा कर दोगे। धमदाहा से महागठबंधन से राजद प्रत्याशी को वोट देकर जीत दिलाना है और तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना है। बिहार में एनडीए पिछले 20 सालों से है। दिल्ली में 10 साल। इसे मिलाकर पूरे 30 साल हो गए। इस बार के चुनाव में नेताओं से पूरे 30 साल का हिसाब लेना है। वोट चोरी का नारा देकर अपने अपना वोट बचा लिया, मगर ये राशन बचाने का चुनाव है।

### बहरूपिए के रूप में बीजेपी की कई टीमें कर रही हैं काम

अखिलेश यादव ने कहा कि हम चाहते हैं कि किसानों की आय दोगुनी हो जाए। खाद्य, यूरिया, डीजल, सिंचाई यंत्र की चीजें सस्ती हो जाए। बिहार की जमीन इतनी उपजाऊ है कि किसान न सिर्फ अपना बल्कि पूरे देश के लोगों का पेट भर सकता है। बिहार से सांसद ले लिया, बिहार की मदद से सरकार बना ली, मगर जब उद्योग धंधे देने की बात आई तो उसे कहीं बाहर लगा दिया। ये ऐसा इसलिए कर रहे ताकि यहां उद्योग धंधे न लग जाए और लोग यहां के लोग उसी पैसे से बच्चों को पढ़ाने लिखाने न लगे। आगे उन्होंने कहा बिहार में बहरूपिए के रूप में बीजेपी की कई टीमें काम कर रही हैं। सी टीम चुनाव आयोग है, जो बीजेपी के लिए काम कर रही है। तेजस्वी ने कहा है जनता का पैसा जनता को ही मिलना चाहिए। इस बार के चुनाव में युवाओं का नहीं बल्कि बिहार से भाजपा का पलायन होने जा रहा। दिल्ली में बैठे लोग सिर्फ बड़ी बड़ी बाते करते हैं। मगर हम और आप मंदिर चले जाएं, तो बीजेपी वाले मंदिर धुलवाते हैं।

### टिकट न मिलने से जदयू छोड़ राजद में शामिल हुए कुशवाहा

49 साल के संतोष कुशवाहा का राजनीतिक जीवन उतार चढ़ाव से भरा रहा है। पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा ने पहली बार 2005 में पहली बार भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। 2010 में उन्होंने बायसी विधानसभा से भाजपा के टिकट पर फिर चुनाव लड़ा। इस बार जीत कर विधायक बने। 2013 भाजपा छोड़कर जदयू में शामिल हो गए। 2014 जदयू के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीतकार सांसद बने। 2019 जदयू के टिकट पर फिर से लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने। 2024 के लोकसभा चुनाव में जदयू के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे लेकिन निर्दलीय पप्पू यादव उन्हें हरा दिया। विधानसभा चुनाव में कदवा से एमएलए का टिकट न मिलने पर जदयू छोड़ राजद में शामिल हो गए। बहन मानने वाले मंत्री लेसी सिंह के खिलाफ राजद के टिकट से चुनावी मैदान में उतर गए।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,22,170/ |
| 22 कैरेट | = | 1,12,000/ |
| 18 कैरेट | = | 91,670/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,52,500/ |



## संक्षिप्त समाचार

### दमनदीव व दादरा व नगर हवेली के निकाय चुनाव में भाजपा जीती

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केन्द्र शासित प्रदेश दमन, दीव और दादरा एवं नगर हवेली में स्थानीय निकाय चुनाव में जीत हासिल की है। भाजपा ने इसे ऐतिहासिक जीत बताया है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने शनिवार को एक्स पर कहा कि भाजपा ने लगभग हर सीट पर जीत हासिल की है -जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और नेतृत्व में लोगों के अटूट विश्वास की पुष्टि होती है। यह जीत एतिहासिक है। जानकारी के मुताबिक दमन जिला पंचायत की 16 सीटों में से भाजपा ने 15 सीटों पर जीत दर्ज की, वहीं नगर निगम चुनाव में 15 सीटों में से 14 पर जीत हासिल की। सरपंच चुनाव में भी 16 सीटों में से 15 सीटों पर जीत हासिल की। दीव जिला पंचायत में सभी 8 सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। इसके साथ ही दादरा नगर हवेली के जिला पंचायत चुनाव में 26 में से 24 सीटों पर भाजपा ने बाजी मारी।

### जीनोम सीक्वेंसिंग वाला देश का पहला राज्य बना गुजरात

**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि गुजरात सरकार प्रदेश के आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने को प्रतिबद्ध है। इस प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप गुजरात, भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने आदिवासी समुदायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक जीनोम सीक्वेंसिंग प्रोजेक्ट शुरू किया है। यह अहम जानकारी शनिवार को राज्य सूचना विभाग ने दी। मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि गुजरात ने आदिवासी लोक नायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर वर्ष 2025 को 'जनजातीय गौरव वर्ष' के रूप में मनाने का संकल्प किया है। भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज की अस्मिता, आत्मसम्मान और बहादुरी के प्रतीक हैं, उनके सम्मान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस की पहल शुरू की है। उन्होंने कहा कि मोदी दृढ़तापूर्वक यह मानते हैं कि जब हमारे आदिवासी समुदाय समृद्ध होंगे, तो भारत भी समृद्ध होगा।

### केन्द्र ने गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के नए नियम किए जारी

**नई दिल्ली।** भारत के विशाल समुद्री संसाधनों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के लिए केंद्र सरकार ने देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए नए नियम अधिसूचित किए हैं। मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि इन नियमों का मुख्य उद्देश्य मछुआरों, सहकारी समितियों और छोटे मछुआरों को सशक्त बनाना है और विदेशी जहाजों को भारतीय जल में मछली पकड़ने से रोकना है। ये नियम गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के कार्य और तकनीकी रूप से उन्नत जहाजों के प्रबंधन के लिए मछुआरा सहकारी समितियों और मछली उत्पादक संगठनों को प्राथमिकता देते हैं।

# प्रधानमंत्री ने चार वंदेभारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

▸ बनारस से खजुराहो तक दौड़ेगी वंदे भारत, ट्रेनों पर हर भारतीय को गर्व

समृद्धि न्यूज



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को देश को चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात दी है। पीएम ने शनिवार को वाराणसी रेलवे स्टेशन पर चार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों हरी झंडी दिखाई।

देश के रेल नेटवर्क में गति, सुविधा और आधुनिकता के नए अध्याय जोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 नवंबर को चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ बनारस स्टेशन से किया।यह ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु रूट पर चलेंगी। इन ट्रेनों के शुभारंभ के साथ भारत में वंदे भारत एक्सप्रेस की संख्या बढ़कर 80 हो गई है। इस मौके जनता को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, आज वंदे भारत, नमो भारत, अमृत भारत ट्रेनें भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव रख रही हैं। आज जिस तरह भारत ने विकसित भारत के लिए अपने संसाधनों को बेहतर बनाने का अभियान शुरू किया है, ये ट्रेनें उसमें मील का पत्थर बनने जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया के विकसित देशों में आर्थिक विकास का एक बड़ा कारण बुनियादी ढांचा रहा है। जिन देशों ने बहुत प्रगति और विकास देखा है, वहां बुनियादी ढांचे का विकास उनकी प्रगति के पीछे एक बड़ी ताकत रहा है। आज पीएम ने जिन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई है, उनमें सबसे प्रमुख ट्रेन वाराणसी से खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस है, जो काशीवासियों और पूर्वांचल के लिए एक बड़ा उपहार मानी जा रही है। प्रधानमंत्री ने इन ट्रेनों को बनारस यानि पूर्व मंडुवाडीह रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी भी मौजूद रहे। पीएम वर्चुअल माध्यम से अन्य तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। इनमें लखनऊ से सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, फिरोजपुर से दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, और एर्नाकुलम से बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं।

### दो घंटे 40 मिनट का समय बचाएंगी नई वंदेभारत ट्रेनें

पीएम ने कहा, नई वंदे भारत एक्सप्रेस वर्तमान में चल रही विशेष ट्रेनों की तुलना में करीब 2 घंटे 40 मिनट का समय बचाएगी। यह ट्रेन यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो तक श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुगम पहुंच प्रदान करेगी, जिससे पर्यटन उद्योग को नया आयाम और आर्थिक गति मिलेगी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन से धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को एक नया आयाम मिलेगा। यह ट्रेन वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को आपस में जोड़ेगी। सरकार को उम्मीद है कि धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देगा और तीर्थयात्रियों और यात्रियों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो तक आधुनिक और आरामदायक रेल कनेक्टिविटी मिलेगी।

## चुनाव आयोग ने तरनतारन की एसएसपी को किया निलंबित

**चंडीगढ़।** भारतीय चुनाव आयोग ने एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तरनतारन की एसएसपी डॉ. रवजोत कौर ग्रेवाल को निलंबित कर दिया है। तरतारन में इस समय उपचुनाव का प्रचार जोरों पर है। यहां 11 नवंबर को मतदान होगा। शनिवार को आयोग की इस कार्रवाई को लेकर हर तरफ चर्चा है। करीब दो सप्ताह पहले शिरोमणि अकाली दल ने प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी को एसएसपी डॉ. रवजोत कौर ग्रेवाल के खिलाफ शिकायत दी थी। इसमें डॉ. रवजोत कौर ग्रेवाल पर अकाली दल के कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज करने का आरोप लगाया गया था। अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल ने डॉ. रवजोत कौर ग्रेवाल के अलावा 2 डीएसपी का तबादला करने की मांग की थी। माना जा रहा है कि इन्हीं शिकायतों को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई है। शनिवार को जारी हुए आदेशों के अनुसार रवजोत कौर के स्थान पर अमृतसर के सीपी गुरप्रीत सिंह भुल्लर (आईपीएस) को एसएसपी तरनतारन का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

## राजग की सरकार बनेगी तो बिहार का नौजवान पाएगा रोजगार : सीएम योगी

एजेंसी



**गया जी।** उत्तर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बिहार के गयाजी के अतरी विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और वहां से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार रोमित कुमार के लिए समर्थन मांगा। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर जमकर निशाना भी साधा। अतरी की जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार अब लालटेन की धुंधली रोशनी नहीं, एलईडी के उजाले में चमकने को तैयार है। राजग की सरकार बनेगी, तो बिहार का नौजवान रोजगार पाएगा, अपराधी जेल जाएगा।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह वही पावन धरा है, जिसने महात्मा बुद्ध को ज्ञान दिया, भगवान महावीर को जन्म दिया, देश को प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और लोकनायक जयप्रकाश नारायण जैसे महानायक दिए, लेकिन राजद और कांग्रेस ने इसी गौरवशाली बिहार को पहचान के संकट में डाल दिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय, चाणक्य और आर्यभट्ट की धरती को राजद-कांग्रेस ने अंधकार में धकेल दिया। दुनिया नालंदा में ज्ञान लेने आती थी, जहां एक साथ दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे, लेकिन राजद-कांग्रेस के शासन में वही बिहार साक्षरता में सबसे नीचे पहुंच गया। जब राजग ने बिहार में सत्ता संभाली, तब प्रदेश की साक्षरता दर 33 प्रतिशत थी, जिसे अब बढ़ाकर 75 प्रतिशत तक पहुंचाया गया है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस-राजद के शासन में नरसंहार, अपहरण, जातीय संघर्ष और अराजकता का माहौल था। 60 से ज़्यादा नरसंहार, 30 हज़ार से अधिक अपहरण हुए। यह था उस जंगलराज का चेहरा, जहां न व्यापारी सुरक्षित थे, न बेटियां सुरक्षित थीं। ये लोग गरीब का राशन और पशुओं का चारा दोनों खा गए थे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में माफिया और अपराधियों को उन्होंने बुलडोजर से पस्त कर दिया। अब उनकी हड्डी-पसली एक हो चुकी है। यूपी में अपराधी पस्त हैं और नौजवान मस्त हैं।

## बुद्ध के पवित्र अवशेषों को सार्वजनिक प्रदर्शनी के लिए ले जाया गया भूटान

**नई दिल्ली।** आध्यात्मिक और सांस्कृतिक भाईचारे के प्रतीक के रूप में राष्ट्रीय संग्रहालय में स्थापित भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को शनिवार को पालम एयरबेस से भारतीय वायु सेना के विमान द्वारा सार्वजनिक प्रदर्शनी के लिए भूटान ले जाया गया। 8 से 18 नवंबर तक आयोजित होने वाली यह प्रदर्शनी थिम्पू में होने वाले वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव का हिस्सा है। यह आयोजन विश्व शांति और मानवता की भलाई के लिए प्रार्थना करने वाला प्रमुख आयोजन है और यह भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक की 70वीं जयंती के अवसर पर मनाया जा रहा है। यह दुनिया का एकमात्र वज्रयान साम्राज्य है।

## सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दो आतंकवादियों को मार गिराया

एजेंसी

▸ घुसपैठियों ने की अंधाधुंध गोलीबारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सेना ने बताया कि सतर्क सैनिकों ने कल देर रात नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठियों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। घुसपैठियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर कहा, चल रहे अभियान में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। इससे पहले सेना ने कहा था कि सेक्टर में घुसपैठ की संभावित कोशिश के बारे में विशेष खुफिया जानकारी मिलने के बाद सैनिकों ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया था। चिनार कोर ने कहा, सात नवंबर 2025 को घुसपैठ की कोशिश के संबंध में एजेंसियों से मिली विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया।

## मनी लॉन्डरिंग : ईडी ने पीएफआई की 67 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने 67.03 करोड़ रुपये मूल्य की आठ अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है, जिनका स्वामित्व और नियंत्रण प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट टॉफ इंडिया के पास है। ईडी ने कहा कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के खिलाफ धन शोधन मामले में जांच के तहत 67.03 करोड़ रुपये की संपत्ति को जब्त किया है। 6 नवंबर को पीएमएलए, 2002 के तहत पीएफआई के स्वामित्व और नियंत्रण वाली 67.03 करोड़ रुपये मूल्य की 8 अचल संपत्तियों को जब्त किया गया है। ये संपत्तियां विभिन्न ट्रस्टों और उसके राजनीतिक संगठन- सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के नाम पर थीं।

## एमपी एमएलए कोर्ट ने आजम को किया बरी

▸ आरएसएस को बदनाम करने में एमपी एमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को आरएसएस को बदनाम करने के मामले में लखनऊ की एमपी एमएलए कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया है।

आजम खान पर आरोप था कि उन्होंने मंत्री रहते हुए अपने लेटर पैड पर आरएसएस पर टिप्पणी की थी। लखनऊ के हजरतगंज थाने में 2019 में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। अब फैसला आने के बाद कोर्ट से बाहर निकलने पर आजम खान ने कहा, हम खून की किस्तें तो कई दे चुके लेकिन ऐ खाके वतन कर्ज अदा क्यों नहीं होता। इससे पहले हाई कोर्ट ने रामपुर में दर्ज मामले की कार्यवाही रद्द करने वाली खान की अर्जी खारिज कर दी थी। साथ ही निचली अदालत को मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट में प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने बताया कि मामले की पड़ताल पूरी हो चुकी है। अब दलीलें सुनने की तारीख तय की गई है। पीठ ने अब्दुल्ला आजम की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा, निचली अदालत को इस पर फैसला करने दीजिए। अदालत पर भरोसा रखें। इस चरण में हमें इसमें हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए। सुनवाई अदालत हाई कोर्ट द्वारा पारित आदेश से प्रभावित हुए बिना सभी मुद्दों पर फैसला लेने के लिए स्वतंत्र होगी। इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था, मामले में एफआईआर जुलाई 2019 में दर्ज की गई थी। आरोप था कि अब्दुल्ला आजम ने जाली और फर्जी दस्तावेजों से पासपोर्ट बनवाया। एफआईआर में दावा किया गया है कि हाई स्कूल के प्रमाण-पत्र सहित उनके शैक्षिक रिकॉर्ड में जन्मतिथि एक जनवरी 1993 है। जबकि पासपोर्ट में 30 सितंबर 1990 है।

## उत्तराखंड का रजत जयंती समारोह आज, पीएम देंगे करोड़ों की सौगात

समृद्धि न्यूज

▸ पीएम आठ हजार दो सौ 60 करोड़ से अधिक की योजनाओं का करेंगे उद्घाटन

**देहरादून।** उत्तराखंड की स्थापना की रजत जयंती समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री 8 हजार दो सौ 60 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंधों के साथ ही देहरादून को सुरक्षा की दृष्टि से हाई अलर्ट पर रखा गया है।

पुलिस महानिदेशक में ब्रीफिंग में सभी अधिकारियों को सजग, सतर्क व संवेदनशील रहने के निर्देश दिए हैं। भारतीय वन अनुसंधान संस्थान में होने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को सरकार ने अंतिम रूप दे दिया हैं। राज्य सूचना विभाग ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा जारी कर दी है। राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री अमृत योजना के अंतर्गत देहरादून जलापूर्ति कवरेज, पिथौरागढ़ में विद्युत सबस्टेशन, सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र, व हल्द्वानी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सोंग बांध पेयजल परियोजना (देहरादून) और जमरानी बहुउद्देशीय बांध परियोजना (नैनीताल) का शिलान्यास करेंगे।

सदन

### संसद के दोनों सदनों की कुल मिला कर इस सत्र में 15 बैठकें की जाएंगी आयोजित

## एक से 19 दिसंबर तक चलेगा संसद का शीतकालीन सत्र

एजेंसी



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र इस साल 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। संसद के दोनों सदनों की कुल मिला कर इस सत्र में 15 बैठकें आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को संसद के शीतकालीन सत्र को बुलाने की मंजूरी दे दी है।

शनिवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर जानकारी दी कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मुने 1 दिसंबर 2025 से 19 दिसंबर, 2025 तक (संसदीय कार्य की अनिवार्यताओं के अधीन) संसद का शीतकालीन सत्र आयोजित करने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सत्र रचनात्मक और सार्थक सत्रहोगा जो हमारे लोकतंत्र को मजबूत करे और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करे।

वहीं संसद के शीतकालीन सत्र की घोषणा होते ही इस राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता, सांसद जयराम रमेश ने इस सत्र के छोटे और देर से बुलाए जाने पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा यह शीतकालीन सत्र इतनी देर से क्यों बुलाया गया। यह आमतौर पर 20 से 23 नवंबर और 24 दिसंबर के बीच आयोजित होता है और तीन से चार हफ़्ते तक चलता है।आश्चर्य है कि इस बार सत्र 1 दिसंबर से शुरू होगा और सिर्फ़ 15 दिन चलेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार किस बात से भाग रही है। क्या दिल्ली के प्रदूषण के कारण सत्र छोटा किया जा रहा है? क्या कोई क़ानून या विधेयक नहीं है? क्या बहस का कोई विषय नहीं है?वे इसे बस एक औपचारिकता के तौर पर जल्द से जल्द ख़त्म करना चाहते हैं। ऐसा हमने पहली बार देखा है। उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले सत्र छोटा किया जाता है, तो क्या इसका मतलब है कि लोकसभा चुनाव आ रहे हैं?

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश के बयान पर पलटवार करते हुए एक्स पर लिखा कि कांग्रेस के नेताओं को संसद सत्र चलाने में रुचि नहीं होती। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी से बार-बार अपील करते नहीं थकेंगे कि वे संसद की बहसों और चर्चाओं में भाग लें और अन्य ईमानदार सांसदों के लिए बाधाएं न खड़ी करें। संसद को चलने दें।

उत्तराखण्ड शासन

उत्तराखण्ड 25 रजत जयंती वर्ष

देवभूमि रजत उत्सव



# राज्य स्थापना दिवस

9 नवम्बर

## की हार्दिक शुभकामनाएँ



“ माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरुप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। ”

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## उत्तराखण्ड रजत जयंती उत्सव

**₹8260+ करोड़**
**की परियोजनाओं का**

## लोकार्पण एवं शिलान्यास

“21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। ”

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

### मुख्य लोकार्पित परियोजनाएं

- अमृत योजना के तहत देहरादून के 23 जोनों में पेयजल आपूर्ति परियोजना।
- पिथौरागढ़ विद्युत उपकेंद्र का शुभारंभ।
- सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र।
- हल्द्वानी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड।

### मुख्य शिलान्यास परियोजनाएं

- सौंग बांध पेयजल परियोजना–देहरादून को 150 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति।
- जमरानी बहुउद्देशीय परियोजना, नैनीताल–पेयजल, सिंचाई और विद्युत उत्पादन हेतु।
- विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना।
- चंपावत में महिला खेल महाविद्यालय की स्थापना।
- नैनीताल में अत्याधुनिक दुग्ध संयंत्र।

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी

के कर-कमलों द्वारा

दिनांक: 09 नवम्बर, 2025 | समय: प्रातः 9 बजे | स्थान: एफ.आर.आई., देहरादून, उत्तराखण्ड

### गरिमामयी उपस्थिति

**ले ज गुरमीत सिंह**
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



## संकल्प
नये उत्तराखण्ड का

- समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश में प्रथम राज्य बना उत्तराखण्ड।
- राज्य में सशक्त भू कानून, सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून, सख्त नकल विरोधी कानून, एवं दंगारोधी कानून हुआ लागू।
- राज्य में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में ₹3.56 लाख करोड़ के एम.ओ.यू. हुए साईन। अब तक ₹01 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की हो चुकी ग्राउंडिंग।
- राज्य के इतिहास में पहली बार पेश हुआ 1 लाख करोड़ से ज्यादा का बजट।
- शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढ़ाकर किया 50 लाख रुपए। परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि 50 लाख से बढ़ाकर की गई डेढ़ करोड़।
- राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 26 गुना बढ़ा है। प्रति व्यक्ति आय 17 गुना बढ़ी है। राज्य गठन के समय वर्ष 2000 में अर्थव्यवस्था का आकार ₹14501 करोड़ था, जो 2024-25 में बढ़कर ₹378240 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।
- केदारनाथ पुनर्निमाण और बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान। बद्रीनाथ धाम को स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी कस्बे के रूप में विकसित करने हेतु ₹255.00 करोड़ की विकास योजनाओं का कार्य गतिमान।
- कुमाऊं क्षेत्र में मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अन्तर्गत 48 मन्दिरों को सर्किट के रूप में जोड़ने का कार्य गतिमान।
- दिल्ली - देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड के बनने से 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- राज्य में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूर्ण।
- राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिये ₹200 करोड के वेंचर फण्ड की स्थापना।
- वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर ₹1500 किया गया है। अब दोनों बुजुर्ग दंपत्ति को मिल रहा वृद्धावस्था पेंशन का लाभ। वृद्धावस्था, विधवा, तथा दिव्यांग पेंशन का भुगतान 3 माह की जगह अब प्रत्येक माह होगा।
- वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अन्तर्गत सीमांत के 51 गांवों का चयन कर किया जा रहा सुनियोजित विकास।
- मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत राज्य के करीब पौने दो लाख गरीब परिवारों को साल में 3 सिलेंडर मुफ्त रिफिल।

विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

## भारत की आत्मा की आवाज बना 'वंदे मातरम'

वर्ष 2025,भारत के इतिहास का वह ऐतिहासिक पड़ाव है, जब राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। 1875 में बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत केवल साहित्य की रचना नहीं था। यह भारतीय चेतना, अस्मिता, स्वाधीनता व राष्ट्रभाव के बीज बोने वाला शब्द–शस्त्र था। यह गीत जन–मन की वही ऊर्जा है, जिसने गुलामी के अंधकार को भेदकर स्वतंत्रता की सुबह का विश्वास जगाया। भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के 150 वर्ष के कालखंड में ऐसा कोई दौर नहीं था, जब 'वंदे मातरम' का स्वर क्रांतिकारियों, सत्याग्रहियों, समाज सुधारकों, युवाओं व भारत माता के लिए मर मिटने वाले राष्ट्रभक्तों के गले से न फूटा हो। 1875 में बंगाल के तत्कालीन राजनीतिक व सामाजिक परिदृश्य में उत्पन्न यह गीत धीरे–धीरे भारत की आत्मा की आवाज बन गया। 1882 में 'आनंदमठ' उपन्यास के माध्यम से यह गीत जन–चेतना के केंद्रीय भाव में स्थापित हुआ।1896 में कलकत्ता में हुए कांग्रेस अधिवेशन में गुरुदेव रबींद्रनाथ टैगोर द्वारा पहली बार इसका सार्वजनिक गायन किया गया। फिर 1905 का बंग–भंग आंदोलन आया, जिसने इस गीत को राष्ट्रीय स्वाभिमान का जीवित प्रतीक बना दिया। इस कालखंड में देश की हर गली व सड़क से लेकर क्रांतिकारियों की गुप्त सभाओं तक हर भारतीय के गले में एक ही स्वर गूंज रहा था 'वंदे मातरम'। यही वह गीत था, जिसने मातृभूमि को देवी के स्वरूप में स्थापित किया और आजादी की लड़ाई को आध्यात्मिक, भावनात्मक व वैचारिक शक्ति प्रदान की। 1950 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद जी ने इसे राष्ट्र गीत का दर्जा प्रदान किया। मेरा मानना है कि किसी भी आंदोलन को सफल बनाने के लिए केवल अस्त्र–शस्त्र ही नहीं बल्कि भाव, विचार, विश्वास और राष्ट्रीय चरित्र की भी आवश्यकता होती है। 'वंदे मातरम' ने गुलामी पर गर्व करने की गुलाम मानसिकता को तोड़ा और भारत की जनता को यह बताया कि हम भी विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक हैं। हमारे पास संस्कृति है, परंपरा है, मूल्य हैं, आत्मसम्मान है और मातृभूमि की रक्षा का अटूट संकल्प है। इसी गीत की ऊर्जा से सावरकर जैसे वीर जगे, चंद्रशेखर आजाद जैसी शहादतें जन्मीं, भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी पले, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे राष्ट्रवादी नायक विश्व मंच पर उठे। इतिहास साक्षी है कि 'वंदे मातरम' का एक–एक शब्द ब्रिटिश सत्ता की नींद उड़ाने में सक्षम था। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में आज जब भारत आत्मनिर्भरता, तकनीकी नेतृत्व, अंतर्राष्ट्रीय आस्था, सांस्कृतिक पुनरुत्थान और वैश्विक शांति जैसे नए आयामों की ओर तेज गति से बढ़ रहा है तब 'वंदे मातरम' की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। अमृतकाल का भारत केवल इतिहास की महिमा का पाठ नहीं पढना चाहता बल्कि आने वाले भविष्य के भारत को गढना चाहता है। यह गीत आज भी भारतीय लोकतंत्र के नैतिक कम्पास जैसा है जो हमें याद दिलाता है कि राजनीति का लक्ष्य सत्ता नहीं, राष्ट्र सर्वोच्च है। मोदी जी का मानना है कि विकास के हर निर्णय में भारत पहले, भारत की जनता पहले, भारत की अस्मिता पहले, यही भारतीय लोकतंत्र की मूल दिशा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते वर्षों में 'वंदे मातरम' के संदेश को आधुनिक राष्ट्रनिर्माण के भाव से पुनर्स्थापित किया है। उन्होंने इसे केवल सांस्कृतिक स्मृति या प्रतीकवाद तक सीमित नहीं रखा बल्कि इसे नई पीढ़ी की राष्ट्र चेतना के केंद्र में स्थापित किया है।

# सीएमएस-03 : अंतरिक्ष में भारतीय संचार का नया सितारा

**योगेश कुमार गोयल**

पिछले दिनों श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 'बाहुबली' रॉकेट एलवीएम3-एम5 ने भारत के अब तक के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-03 को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाया और उसी के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। यह प्रक्षेपण न केवल भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नई छलांग है बल्कि यह उस आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है, जिसकी परिकल्पना आज का भारत अपने वैज्ञानिक संकल्प से साकार कर रहा है। करीब 4,410 किलोग्राम वजनी सीएमएस-03 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया है। यह भारत की धरती से अब तक छोड़ा गया सबसे भारी संचार उपग्रह है। यह उपग्रह भारत तथा आसपास के समुद्री क्षेत्रों में मल्टी-बैंड संचार सेवाएं प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों तक देश की संचार प्रणाली की रीढ़ साबित होगा। इस मिशन की सफलता ने एक बार फिर इसरो की वैज्ञानिक दक्षता, तकनीकी परिपक्वता और अडिग संकल्प का प्रमाण दिया है।

'बाहुबली' नाम अपने आप में इस रॉकेट की क्षमता का परिचायक है। एलवीएम3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) इसरो का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जो लगभग 43.5 मीटर ऊंचा और तीन चरणों में कार्य करने वाला रॉकेट है। इसकी भार वहन क्षमता ही इसे 'बाहुबली' का दर्जा देती है। यह रॉकेट लगभग 4,000 किलोग्राम वजन तक के उपग्रहों को जीटीओ में और 8,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) तक पहुंचाने में सक्षम है। यह वही रॉकेट है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाने वाला ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का झंडा लहराया।

एलवीएम3-एम5 रॉकेट तीन चरणों में कार्य करता है। पहले चरण में इसके दो ठोस बूस्टर रॉकेट एस-200 प्रारंभिक लिफ्ट ऑफ के लिए भारी थ्रस्ट उत्पन्न करते हैं। दूसरे चरण में एल-110 लिक्विड प्रोपल्शन स्टेज आता है, जिसे विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में विकसित किया गया है। तीसरे और अंतिम चरण में क्रायोजेनिक इंजन सी-25 कार्य करता है, जो सैटेलाइट को सटीक रूप से उसकी कक्षा में स्थापित करने की अंतिम जिम्मेदारी निभाता है।

यह जटिल प्रणाली और उसकी सटीक कार्यप्रणाली भारत की उस इंजीनियरिंग दक्षता की परिचायक है, जिसने आज विश्व की शीर्ष चार अंतरिक्ष शक्तियों में भारत को स्थापित किया है। इसरो के इस मिशन की सबसे बड़ी सफलता यह है कि यह भारत को भारी उपग्रह प्रक्षेपण में पूर्ण आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है। इससे पहले इसरो को अपने भारी उपग्रहों के लिए विदेशी लॉन्च सेवाओं का सहारा लेना पड़ता था, जैसे कि दिसंबर 2018 में जीएसएटी-11 को फ्रैंच गयाना से एरिएन-5 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। उस समय जीएसएटी-11 (5854 किलोग्राम) इसरो का सबसे भारी उपग्रह था परंतु वह भारत से लॉन्च नहीं हो सका था। आज सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण के साथ भारत ने यह उपलब्धि अपने दम पर हासिल कर ली है। सीएमएस-03 को इसरो के वैज्ञानिकों ने आधुनिक संचार अवसंरचना की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। यह एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो देश के दूरस्थ और समुद्री इलाकों में तेज और विश्वसनीय संचार सेवाएं सुनिश्चित करेगा। इस उपग्रह के माध्यम से रक्षा क्षेत्र, नौसेना, आपदा प्रबंधन, नागरिक संचार और डिजिटल कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार होगा। विशेष रूप से यह नौसेना के लिए समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षित और निर्बाध संचार नेटवर्क प्रदान करेगा, जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी।



**भारत की समुद्री सीमाएं लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी हैं और उसके पास व्यापक आर्थिक क्षेत्र है। ऐसे में सुदूर समुद्री इलाकों में संचार का सशक्त नेटवर्क आवश्यक है। सीएमएस-03 इस दिशा में एक बड़ा कदम है, जो भारतीय नौसेना को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके अलावा, यह देश के ग्रामीण और दूरदराज़ इलाकों में डिजिटल पहुंच को भी सुदृढ़ करेगा। एलवीएम3-एम5 मिशन की सफलता इस बात का भी प्रमाण है कि भारत अब न केवल वैज्ञानिक तकनीक का उपभोक्ता देश है बल्कि वह तकनीक निर्माता और नवोन्मेषी शक्ति के रूप में भी उभर चुका है। इसरो के वैज्ञानिकों ने खराब मौसम की चुनौतियों और अत्यधिक जटिल तकनीकी परिस्थितियों में भी इस मिशन को सफलता तक पहुंचाया।**

भारत की समुद्री सीमाएं लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी हैं और उसके पास व्यापक आर्थिक क्षेत्र है। ऐसे में सुदूर समुद्री इलाकों में संचार का सशक्त नेटवर्क आवश्यक है। सीएमएस-03 इस दिशा में एक बड़ा कदम है, जो भारतीय नौसेना को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके अलावा, यह देश के ग्रामीण और दूरदराज़ इलाकों में डिजिटल पहुंच को भी सुदृढ़ करेगा। एलवीएम3-एम5 मिशन की सफलता इस बात का भी प्रमाण है कि भारत अब न केवल वैज्ञानिक तकनीक का उपभोक्ता देश है बल्कि वह तकनीक निर्माता और नवोन्मेषी शक्ति के रूप में भी उभर चुका है। इसरो के वैज्ञानिकों ने खराब मौसम की चुनौतियों और अत्यधिक जटिल तकनीकी परिस्थितियों में भी इस मिशन को सफलता तक पहुंचाया। इसरो प्रमुख वी. नारायणन के शब्दों में, 'यह बाहुबली रॉकेट की ताकत का एक और प्रमाण है। उपग्रह को सटीक रूप से कक्षा में स्थापित किया गया है और यह हमारे वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का परिणाम है।'

एलवीएम3-एम5 रॉकेट की अब तक की सभी आठ उड़ानें 100 प्रतिशत सफल रही हैं। यह सफलता दर किसी भी विकसित अंतरिक्ष एजेंसी के मानकों पर श्रेष्ठ मानी जा सकती है। भारत के लिए यह मिशन केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है बल्कि यह उस दृष्टि का विस्तार है, जो प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प से जुड़ी है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने हाल के वर्षों में जो प्रगति की है, उसने न केवल विश्व को चकित किया है बल्कि निजी उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए भी अंतरिक्ष तकनीक में नए अवसर खोले हैं। सीएमएस-03 मिशन भारत की उस अंतरिक्ष नीति को भी मजबूत करता है, जिसके तहत देश आने वाले वर्षों में वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। भारत अब वैश्विक स्तर पर उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जो भारी उपग्रहों को स्वयं की तकनीक से अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम हैं। इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की वैश्विक विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। इसरो के मिशनों की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसने हर उपलब्धि सीमित बजट में हासिल की है। एलवीएम3 की संरचना और प्रदर्शन का स्तर यूरोपियन एरिएन-5 या अमेरिकी फाल्कन-9 जैसी श्रेणी के रॉकेटों के समान है।

## विचार

# पुष्कर ऊंट मेला : हर तरह से सहेजने की जरूरत

**डॉ. रमेश ठाकुर**

पुष्कर ऊंट महोत्सव 05 नवंबर को संपन्न हो गया। इस बार संसार के सबसे विशालतम 'ऊँट मेले' की तस्वीर बदली-बदली दिखी। मेले में ऊंट कम, घोड़े ज्यादा दिखे। ऊँटों के लिए ही विश्व प्रसिद्ध 'पुष्कर ऊँट मेला' को राजस्थान की जीवंत परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा कहा जाता है। मेले को विश्व के सबसे बड़े ऊँट मेले की उपाधि प्राप्त है। मेले की परंपरा वैसे तो औपचारिक रूप से ब्रिटिश शासनकाल से हुई थी लेकिन मेले की रौनक जैसे कभी पहले हुआ करती थी, वैसी अब नहीं दिखती। वजह, मेले में ऊँट के अलावा दूसरे पशु ज्यादा दिखने लगे हैं।

मेले में सर्वाधिक संख्या में ऊँट होते थे। मेला लोकगीतों की धुनों और पर्यटकों की भीड़ से गूंजा करता था। सूर्यास्त के समय रेत पर ऊंटों की लंबी-लंबी परछाइयों को देखकर पर्यटक मनमोहित होते थे। तब ऐसा एहसास होता था कि जैसे राजस्थान की आत्मा भी रेत के जहाजों संग साथ-साथ चल रही हों। पर लगातार घटते ऊँटों की संख्या से ज्यादातर परंपराएं अतीत का हिस्सा बनती जा रही हैं। ऊँटों के इस पांच दिवसीय मेले का सांस्कृतिक आकर्षण और उत्सव-उल्लास, देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता था। इस बार मेला देखने के लिए करीब 46 देशों के पर्यटक पहुंचे। प्रत्येक वर्ष करीब पांच लाख विदेशी दर्शक आते हैं। राजा-महाराजाओं की धरती कहे जाने वाले राजस्थान में ऊंटों को केवल पशु नहीं बल्कि रेगिस्तान का जहाज और संस्कृति का प्रतीक माना जाता है। पुष्कर मेला सालाना सरकारी आयोजन है जो ऊँटों एवं अन्य पशुधन के लिए समर्पित है। यह दुनिया के 'विशाल व्यापार पशु मेले' में से एक है, जिसमें विभिन्न आर्कषण वाले पशुओं की खरीद-फरोख्त के अलावा महत्वपूर्ण पर्यटन आकर्षण का नजारा देखने को मिलता है। मेले में व्यापार, मेलजोल और धार्मिक आस्था-तीनों का संगम एक साथ समाहित होता है। पर्यटकों को भी 'पुष्कर ऊंट मेला-2025' का स्वरूप बदला हुआ दिखा क्योंकि मेले में ऊँटों से ज्यादा घोटे थे। जबकि, परंपरागत रूप से अन्य पशुओं के मुकाबले ऊँटों की संख्या ज्यादा होनी चाहिए थी। मेले में इस साल करीब 4,000 विभिन्न प्रजातियों के घोड़े पहुंचे। जबकि, ऊंटों के पहुंचने की संख्या मात्र 1,400 के आसपास बताई गई। ऊंटों की इस घटती हुई संख्या के मायने क्या हैं? क्या ऊँटों की घटती आबादी इसके पीछे है? देशभर में ऊँटों की संख्या लगातार तेजी से कम हो रही है। सिर्फ राजस्थान ही ऐसा राज्य है जहां ऊँटों की संख्या बीते कुछ दशकों से सर्वाधिक रही है। एकाध दशकों से वहां से भी ऊँटों की आबादी तेजी से घट रही है।



**मेले में सर्वाधिक संख्या में ऊँट होते थे। मेला लोकगीतों की धुनों और पर्यटकों की भीड़ से गूंजा करता था। सूर्यास्त के समय रेत पर ऊंटों की लंबी-लंबी परछाइयों को देखकर पर्यटक मनमोहित होते थे। तब ऐसा एहसास होता था कि जैसे राजस्थान की आत्मा भी रेत के जहाजों संग साथ-साथ चल रही हों। पर लगातार घटते ऊँटों की संख्या से ज्यादातर परंपराएं अतीत का हिस्सा बनती जा रही हैं। ऊँटों के इस पांच दिवसीय मेले का सांस्कृतिक आकर्षण और उत्सव-उल्लास, देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता था। इस बार मेला देखने के लिए करीब 46 देशों के पर्यटक पहुंचे। प्रत्येक वर्ष करीब पांच लाख विदेशी दर्शक आते हैं।**

ऊंटों की घटती संख्या को लेकर राजस्थान सरकार भी परेशान है। 19 सितंबर 2014 से ऊँट को राजस्थान का राज्य पशु भी घोषित किया गया। ऊँटों का संरक्षण कैसे हो, इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने अक्टूबर-2016 को 'ऊंट संरक्षण योजना' भी बनाई। हालांकि इस योजना का कोई खास नतीजा नहीं निकला तो वर्ष 2022-23 से 'ऊंट पालक योजना' शुरू की गई, जिसमें प्रत्येक ऊँट पालक को 10,000 रूपए सालाना प्रोत्साहन राशि देना आरंभ हुआ। पिछले वर्ष यानी 2024-25 में सरकार ने यह राशि दोगुनी करते हुए 20,000 प्रति ऊँट देना शुरू किया है। अफसोस की बात यह है कि हालात इससे भी नहीं सुधरे। चिंता की बात यह है कि किसानों का ऊँट पालन से लगातार मोहभंग हो रहा है। सरकार फिर भी ऊँटों के संरक्षण को लेकर कोर-कसर नहीं छोड़ रही। कुछ वर्षों से प्रदेश में सालाना 'ऊंट महोत्सव' का आयोजन भी शुरू कर दिया गया है। इस साल 11-12 जनवरी को ये आयोजन हुआ था। ऊँटों के नहीं रहने से पुष्कर मेले का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। वर्ष 1961 में केंद्र सरकार द्वारा कराई गई ऊँटों की गणना में इनकी संख्या 10 लाख पाई गई थी। जो अब 1,85000 तक सिमट गई है। ऊंट पालन वाले प्रमुख प्रदेश राजस्थान की खराब स्थिति बताती है कि साल 2047 तक ऊँट देश से तकरीबन विलुप्त हो जाएंगे। अगर ऐसा हुआ तो पुष्कर में ऊँट वास्तविक नहीं पोस्टरों में ही दिखेंगे। भविष्य की पीढ़ी ऊँटों के किस्से किताबों से ही जान पाएगी। इसलिए भारत के इस विश्वस्तरीय ऊँट मेले की परंपरा को किसी भी सूरत में सहेजना होगा।


# जोहरान ममदानी से नेहरू तक आजादी का भूला हुआ सूत्र

**प्रताप भानु मेहता**

न्यूयॉर्क सिटी ने इतिहास रच दिया है। भारतीय मूल के डैमोक्रेटिक सोशलिस्ट जोहरान ममदानी ने मंगलवार रात न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव में जीत दर्ज की है। ममदानी के विजय भाषण में, यूजीन वी.डेब्स और जवाहरलाल नेहरू के दो प्रमुख संदर्भ, पहली नजर में अलग-अलग, असंबद्ध आह्वान लग सकते हैं। एक तेज-तर्रार आंदोलनकारी थे तो दूसरे राष्ट्र-निर्माण और राजनेता के रूप में ऊंचाइयों पर पहुंचे।

डेब्स ने संयुक्त राज्य अमरीका में समाजवाद की एक सशक्त परंपरा बनाने में मदद की। वे उपनिवेशवाद-विरोध के अग्रणी व्यक्तियों में से एक हैं। फिर भी ये संदर्भ न तो बेतरतीब हैं और न ही अलंकारिक अलंकरण। वैचारिक और ऐतिहासिक रूप से ये आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। डेब्स और नेहरू को जोडने वाला आश्चर्यजनक सूत्र 'अमरीकन सिविल लिबर्टीज यूनियन' (ए.सी.एल.यू) के संस्थापक रोजर बाल्डविन हैं। बाल्डविन और नेहरू घनिष्ठ मित्र थे। बाल्डविन ने अमरीका के बारे में नेहरू के कई विचारों को आकार दिया और उन्हें कांग्रेस पार्टी की अमरीकी रणनीति पर सलाह दी। दोनों ने साम्राज्यवाद विरोधी लीग में तब तक साथ काम किया जब तक कि बाल्डविन ने साम्यवादी प्रभाव की चिंताओं के कारण इससे नाता नहीं तोड़ लिया। एक ऐसा रुख जो नेहरू स्वयं भी सांझा करते थे। बाल्डविन ने डेब्स के साम्राज्यवाद-विरोध और उनके विवेकपूर्ण आपत्ति के बचाव में काम किया था और वे उनसे गहराई से जुड़े थे। डेब्स नस्लवाद और अप्रवासियों के बहिष्कार को विचलन के रूप में नहीं, बल्कि पूंजीपति स्वार्थ के औजारों के रूप में देखते थे। उनके लिए, यह श्रमिक वर्ग था न कि विशेषाधिकार प्राप्त अभिजात वर्ग, जिसने वास्तव में एक खुले और महानगरीय समाज की शुरूआत की। समकालीन भाषा में, कोई कह सकता है कि शहर का महानगरीयवाद श्रम का महानगरीयवाद है, पूंजी का नहीं। नेहरू स्वयं इस बात में रुचि रखते थे कि क्या ए.सी.एल.यू. भारत में राजनीतिक कैदियों के मुद्दे को उठा सकता है।

इन हस्तियों को जोड़ने वाला वैचारिक सूत्र एक ऐतिहासिक क्षण से संबंधित था जिसे हम काफी हद तक भूल चुके हैं, जब नागरिक स्वतंत्रता, नस्लवाद-विरोध, समाजवाद, खुले समाज और उपनिवेशवाद-विरोध, सभी को एक ही मुक्ति आंदोलन का हिस्सा माना जाता था। स्वतंत्रता और न्याय अविभाज्य थे। बाल्डविन ने नेहरू को चेतावनी दी थी कि भारतीय स्वतंत्रता की लड़ाई दो मोर्चों पर लडनी होगी- ''अमरीकी सरकार द्वारा समर्थित वॉल स्ट्रीट के छिपे हुए दुश्मन और ब्रिटेन के खिलाफ'। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन हमेशा भारत को ब्रिटिश साम्राज्य के राजस्व के स्रोत के रूप में बनाए रखने की कोशिश करेगा। इस दृष्टिकोण से, नागरिक स्वतंत्रताएं वामपंथ का एक कारण थीं जो इसे साम्यवाद से अलग करती थीं जो आज के स्वतंत्रतावादी विनियोग से कोसों दूर है। इस संबंध की सबसे महत्वपूर्ण बात यह याद दिलाना है कि नागरिक स्वतंत्रता का अर्थ कभी उन लोगों के अधिकारों की रक्षा करना भी था जिन पर कर्त्तव्यनिष्ठा से आपत्ति और राजद्रोह का आरोप लगाया गया था। ऐसे युग में जब राजद्रोह की परिभाषा इस हद तक विस्तृत हो गई है कि 'राजनीतिक कैदी' का विचार ही अर्थ खो चुका है, यह इतिहास याद रखने योग्य है। इतिहास विचित्र तरीकों से अपना चक्र पूरा करता है। यह उचित ही है कि अंतिम नेहरूवादी मनमोहन सिंह की पुत्री अमृत सिंह, ए.सी.एल.यू के अग्रणी प्रकाश स्तंभों में से एक के रूप में उभरीं। ममदानी, डेब्स और नेहरू को जोड़ते हुए, किसी नई गढ़ी हुई जैनरेशन जैड प्रगतिशील शब्दावली का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, वे 20वीं सदी की राजनीति के एक पुराने, भुला दिए गए मुहावरे को फिर से दोहरा रहे हैं। राजनीति में मार्मिक क्षण दुर्लभ होते हैं। सत्ता की क्रूरता उन्हें आसानी से ग्रहण लगा देती है।



## राशिफल

**मेषः-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है।

**बृषभ :-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रणरखें।

**कर्क :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**धनु :-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें।

**मकर :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी।

**मीन :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

# उद्योग धंधों के विकास की धीमी गति के लिए कौन जिम्मेदार

**पूरन चंद सरीन**

हमारे प्राकृतिक, मानवीय और आर्थिक संसाधन किसी भी विकसित देश से कम नहीं हैं बल्कि अनेक क्षेत्रों में हमारा वर्चस्व है जैसे कि हिमालय पर्वत शृंखला, नदियों की विशालता, मूल्यवान खनिज पदार्थ, घने जंगल, वैकल्पिक ऊर्जा के अक्षय भंडार तथा सभी तरह के मौसम। सबसे अधिक युवाओं की संख्या है। उनके व्यापार करने, औद्योगिक इकाइयां बनाने और घरेलू उपभोग और निर्यात के लिए वैश्विक बाजार में प्रतियोगी बनने की अपार संभावनाएं हैं। इतना कुछ होते हुए भी भारत पर अविकसित या विकासशील देश होने का ठप्पा लगा हुआ है। ऐसा क्यों?

उद्योगों की स्थिति और उद्यमियों की आपबीती देश में उद्यमिता का विकास और अपना छोटा, मध्यम या बड़ा उद्योग लगाने के लिए अनेक योजनाएं लगातार बनाई जाती रही हैं लेकिन घोषणा करने के बाद सरकार भूल जाती है कि उन पर अमल भी करना और करवाना होता है। आंकड़ों के अनुसार इन योजनाओं के जरिए जो इकाइयां शुरू हुई, युवाओं के सपनों का आधार बनीं और विश्व स्तरीय उत्पाद बनाने में अग्रणी बनने का सपना संजोए थीं, उनमें से 60 प्रतिशत से अधिक और कुछ क्षेत्रों में 95 प्रतिशत तक बंद हो गई, घाटे के कारण बीमारू बन गई तथा उनके संचालक कर्जदार होकर सब कुछ बेच कर किसी नौकरी की तलाश करने लगे।

**उद्योगों की विकास दर 4 प्रतिशत से कम हो गई जबकि विकसित देश कहलाने के लिए यह 10 से 20 प्रतिशत वार्षिक होनी चाहिए थी। प्रदेशों की राजधानियों और प्रमुख शहरों में औद्योगिक विकास प्राधिकरण स्थापित हैं। इनकी कार्यप्रणाली समझने के लिए एक मित्र युवा उद्यमी की आपबीती इस प्रकार है - एक अथॉरिटी सन् 2016-17 में एक औद्योगिक सैक्टर में जमीन प्राप्त करने के लिए विज्ञापन देती है। लोग आवेदन करते हैं, जरूरी राशि जमा करते हैं और ड्रा होने पर जो सफल होते हैं, वे आगे की योजना बनाने लगते हैं। मित्र को जब उक्त आबंटन हुआ तो खुश ही नहीं, सुनहरे भविष्य की कल्पना करने लगा।**

परिणामतः उद्योगों की विकास दर 4 प्रतिशत से कम हो गई जबकि विकसित देश कहलाने के लिए यह 10 से 20 प्रतिशत वार्षिक होनी चाहिए थी। प्रदेशों की राजधानियों और प्रमुख शहरों में औद्योगिक विकास प्राधिकरण स्थापित हैं। इनकी कार्यप्रणाली समझने के लिए एक मित्र युवा उद्यमी की आपबीती इस प्रकार है - एक अथॉरिटी सन् 2016-17 में एक औद्योगिक सैक्टर में जमीन प्राप्त करने के लिए विज्ञापन देती है। लोग आवेदन करते हैं, जरूरी राशि जमा करते हैं और ड्रा होने पर जो सफल होते हैं, वे आगे की योजना बनाने लगते हैं। मित्र को जब उक्त आबंटन हुआ तो खुश ही नहीं, सुनहरे भविष्य की कल्पना करने लगा। सैक्टर में जाता है तो देखता है कि वहां जंगल जैसा वातावरण है, मवेशी घूम रहे हैं और पास में बसे गांवों के लोग उस जगह का इस्तेमाल कूड़ा-कचरा, गंदगी फैलाने और शौच के लिए करते हैं। जो प्लाट मिला था, उसका काल्पनिक अनुमान ही लगाया जा सकता था कि कहां होगा। उस व्यक्ति ने बैंक से लोन लेकर किस्तें देने और निर्माण के लिए आवश्यक प्रबंध किए लेकिन जो हालत थी, उसे देखकर उसे बेहोशी होने लगी। किसी तरह लगभग 3 वर्ष बाद यह स्थिति आई कि वह अपना प्लाट पहचान सके। सड़कों, नालियों का निर्माण होता दिखा। उसके बाद कोरोना के कारण सब कुछ बंद हो गया। इस सब में 5-6 वर्ष निकल गए, 2022-23 तक कुछ उद्यमियों ने निर्माण किया और शेष भी करने की योजना बनाने लगे क्योंकि अथारिटी द्वारा निर्माण के लिए दी गई समय सीमा समाप्त होने वाली थी।

इस व्यक्ति ने सोचा था कि 2 साल में यूनिट लग जाएगा और बैंक की किस्तें व अन्य खर्च निकलने लगेंगे और जीवन खुशहाली की तरफ बढ़ने लगेगा। लेकिन सपना चकनाचूर हुआ, बैंक की देनदारी बढ़ गई और सोचने लगा किसी तरह यूनिट चालू हो जाए। अथारिटी को इस बात से कोई सरोकार नहीं था कि उद्यमी की मुश्किलें आसान की जाएं, उसे अपनी वसूली से मतलब था। स्थिति यह थी कि यूनिट तक कर्मचारियों का पहुंचना आसान नहीं था। अब हर कोई उद्यमी तो इन चीजों का प्रबंध नहीं कर सकता। प्रशासन की हकीकतरू अब इसे समझिए। नक्शा पास कराने और सभी औपचारिकताएं पूरी करने में एक से डेढ़ साल लगना मामूली बात है। अथारिटी एक बार में कमी नहीं बताती, लगभग हर महीने एक कमी बताती है जिसके पूरा करने पर दूसरी कमी बताई जाती है। कम्पलीशन सर्टीफिकेट लेने के लिए 6 महीने से एक साल तक लग जाता है। फिर फंक्शनल सर्टीफिकेट के लिए यही प्रक्रिया अपनाई जाती है। अधिकारियों से लेकर सी.ई.ओ. या चेयरमैन तक यही सुनने को मिलता है कि यही चलन है। होना तो यह चाहिए था कि औद्योगिक सैक्टर में प्लाट आबंटन से पहले ही सड़क, आवागमन के साधन, बिजली, पानी आपूर्ति की व्यवस्था, सीवर कनैक्शन आदि हो जाना चाहिए था। क्या कभी कोई मुख्यमंत्री इस स्थिति का मुआयना और प्रशासनिक लापरवाही के लिए किसी को दंडित करेगा, युवा उद्यमियों को राहत देने के लिए कोई ठोस नीति तैयार करने की पहल करेगा, इसकी संभावना न के बराबर है। युवा उद्यमी प्रॉपर्टी डीलर और काम कराने वाले की खोज करता है। नियम ऐसे हैं कि उन्हें समझना और पूरा करना टेढ़ी खीर है परंतु पालन करना मजबूरी है और इसमें समय बर्बाद होना निश्चित है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# सुरौली में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का खेल जारी

**ग्रामीणों से वसूल किए जा रहे 500 से 1000 रुपये**

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

यमुना नदी के बीहड़ों में बसी ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग में जालसाजों ने सीएमओ, एसडीएम सदर, एडीओ पंचायत के फर्जी हस्ताक्षरों से ग्रामीणों के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए। शंका होने पर प्रधान ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। जांच में अब परत दर परत फर्जी ढंग से जारी किए गए प्रमाण पत्रों की परतें खुलने लगी है।

जांच का शिकंजा कसते ही पंचायत सहायक त्यागपत्र देकर भूमिगत हो गया ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग में कई आबाद मजरे हैं। ज्यादातर मजरे यमुना नदी किनारे बीहड़ों में बसे हैं। यहां के ज्यादातर लोग खेती किसानी से जुड़े हुए हैं। पंचायत में कुछ लोग फर्जी ढंग से जन्म प्रमाण पत्र बनाने का सिंडिकेट चला रहे है। यह ग्रामीणों से प्रमाण पत्र बनाने के लिए उनसे 500 से 1000 रुपये वसूल रहे है। ग्रामीणों के आवेदनों में सिंडिकेट के युवक सीएमओ, एसडीएम, खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत आदि की फर्जी रिपोर्ट लगाकर मोहर एवं हस्ताक्षर बना देते है। फर्जी प्रमाण पत्र जारी होने एवं आवेदनों में फर्जी मोहर हस्ताक्षर की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान रामप्यारी ने पुत्र रामफूल निषाद के साथ मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की। मामले की जांच खंड विकास अधिकारी को मिली है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि मोहनलाल की पुत्री दिव्यांशी (7), आंशी (4), नाथूराम (41), जयकरण के पुत्र खुशीराम (18) के सहित अन्य आवेदनों में संबंधित अधिकारियों के रिपोर्ट एवं मोहर हस्ताक्षर फर्जी होने के बावजूद प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए है। आवेदन करने वाले लोगों ने बातचीत में बताया कि गांव का एक युवक सिंडिकेट चलाता है और प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर 500 से 1000 रुपये वसूल करता है। लोगों ने बताया कि वह लोग अधिकारियों के चक्कर लगाने की बजाय इसी युवक को कागजात दे देते है। जांच अधिकारी खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। बुधवार तक जांच रिपोर्ट तैयार हो जाएगी।

उम्मीद है जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि कितने जन्म प्रमाण पत्र फर्जी जारी किए गए हैं। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सुरेंद्र पटेल ने बताया कि कुछ मामले सामने आए है उनके प्रमाण पत्रों के निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उधर पंचायत सहायक जयप्रकाश तिवारी ने 17 अक्टूबर को इस्तीफा देकर भूमिगत हो गया है। जिससे सिंडिकेट के साथ उनके ऊपर सवालिया निशान उठ रहे है।

# रास्ते में अधेड़ का शव मिलने से मचा हड़कंप

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ जाकिर 45 वर्ष के रूप में हुई मृतक की शिनाख्त



कस्बा व थाना कुरारा के निवासी अधेड़ का शव झलोखर गांव से खिरवा गांव जाने वाले रास्ते के किनारे पुलिया के सहारे अध लेटी अवस्था में मिला । सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव को

कब्जे में लेकर शिनाख्त कराई । तथा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।कस्बा कुरारा निवासी जाकिर 45 वर्ष पुत्र साबिर का शव संदिग्ध हालत में झलोखर गांव के अखाड़ा आश्रम के सामने से गई खिरवा गांव की सड़क में बनी पुलिया के पास अधलेटी अवस्था में

मृत अवस्था में मिला सुबह शौच को निकले ग्रामीणों ने देखकर पुलिस को सूचना दी। तब पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराई। जो कस्बा का रहने वाला है। मृतक के भतीजे शानू ने बताया कि इसकी शादी बीस साल पहले हुई थी। लेकिन इसकी पत्नी

इसे छोड़कर चली गई थी। तथा इसके कोई संतान नहीं है। यह बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करता था। तथा एक माह पहले कस्बे में दिखाई दिया था। अपने हिस्से का मकान बेंच दिया था। अब इसके रहने का कोई ठिकाना नहीं था। कांशीराम कालोनी में रात में रहता था। तथा सब्जी वालों के यहां काम कर लेता था। कब कहां जा रहा है। किसी को पता नहीं रहता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। थाना प्रभारी रामआसरे सरोज ने बताया कि मृतक के शरीर में कोई चोट के निशान नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्थित स्पष्ट होगी। जांच की जा रही है। फील्ड यूनिट ने घटना स्थल से साक्ष्य संकलन किया है।

# अज्ञात कारणों के चलते युवक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या



**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर के कुम्हरौड़ा मोहल्ले में बीती शाम अज्ञात कारणों एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है नगर के उपरौस कुम्हरौडा मोहल्ला निवासी अमित कुमार उर्फ छक्की लाल उम्र 22 वर्ष पुत्र रामकुमार ने शुक्रवार की शाम अज्ञात कारणों अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी होते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। यह खबर फैलते ही घटनास्थल पर लोगों का जमावड़ा लग गया। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। वह बाइक मिस्त्री भी था। छोटे भाई आलोक ने बताया कि वर्तमान समय में वह इंगोहटा गांव में बाइक के सुधारने का काम करता था। यह घटना नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है

## खबरें एक नजर में

### मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के चकदह गांव के पास गडरिया खेड़ा में भगत बाबा के मेले में भक्तों का जन सैलाब उमर पाड़ा भगत बाबा के नाम से प्रसिद्ध स्थान में दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया जिसमें आयोजकों ने साफ सफाई स्वच्छ पेयजल आदि की व्यवस्था की। मेले मे दुकानदारों ने अपनी दुकान सजा कर रखी हुई है। वहीं मेले में कबीरी भजनों का भव्य आयोजन किया गया रामलीला सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जहां लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुफ्त उठाया वही महिलाएं और बच्चो ने मेले में खिलौने आदि की खरीदारी की महिलाओं ने सजा सज्जा का सामान की खरीदारी कर मेले का आनद उठाया लोगों ने बाबा के स्थान में जाकर प्रसाद व हमन पूजन किया वहीं दिवारी नृत्य देख लोग गदगद हो गये रामलीला सजीव मंचन कर कलाकारों ने दर्शकों का मन है मोह लिया भक्तगणों ने बाबा के स्थान पर जाकर हवन पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की वही अवधेश प्रधान ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगत बाबा मेला बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जहां दूर-दूर से लोग आकर उनका दर्शन करते हैं और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हैं।

### सतगुरु सेवा संस्थान ने पहाड़ी देव मंदिर में नि:शुल्क नेत्र शिविर का किया आयोजन



**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** सदगुरु सेवा संस्थान ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट व प्राचीन पहाड़ी देव शिव मंदिर समिति द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। तथा मोतिया बिंद से पीड़ित मरीजों को चित्रकूट भेजा गया सदगुरु सेवा ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट व प्राचीन सिद्ध पीठ पहाड़ी देव शिव धाम समिति शंकर पुर बचरौली द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों द्वारा 470 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। तथा ड्रॉप व चश्मे का वितरण किया गया। जिसमें 140 लोगो के मोतिया बिंद व नेत्र रोग मरीजों को उपचार के लिए चित्रकूट भेजा गया।तथा 30 लोगो के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर में समाजसेवी गणेश तिवारीप्रद्युम्न सिंह, पिंटू सिंह, अशोक अवस्थी,अमित श्रीवास्तव, बलराम विश्वकर्मा ने सहयोग किया।

### फसल बीमा के लिए अनिवार्य रूप से अपलोड करें लेखपाल से प्रमाणित बलकटनामा : डीएम

**समृद्धि न्यूज महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2025 की समीक्षा बैठक की गयी। जनपद में कुल 267779 कृषकों द्वारा फसल बीमा कराया गया है, जिसमें कुल ऋणी कृषक (बैंक के माध्यम से) 126403 तथा गैर ऋणी कृषक 141376 है। जिसमें से 46218 गैर ऋणी कृषकों का डाटा जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से किसान भाइयों को वापस किया जायेगा। जिसकी सूचना एसएमएस के माध्यम से कृषकों को दी जायेगी। कृपया जिन किसानों को एसएमएस के माध्यम से सूचना प्राप्त होती है वह तुरन्त अपने जनसुविधा केन्द्र पर जाकर विसंगति को सही कराएं तथा नियमानुसार सही दस्तावेज अपलोड करायें। बटाईदार होने की स्थिति में भू-स्वामी का आधार तथा अपने हल्का लेखपाल से प्रमाणित 10 रू. के स्टॉम्प बलकटनामा अपलोड करें, अन्यथा की स्थिति में बीमा पॉलिसी अस्वीकृत कर दी जायेगी।

### डेढ़ महीने बाद एक पक्ष ने दलित उत्पीड़न तथा दूसरे ने दर्ज कराया मारपीट का मुकदमा

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** दरवाजे पर भैंस धोने के विवाद में हुए झगड़े के बाद पुलिस ने डेढ़ माह बाद एक पक्ष से दलित उत्पीड़न तथा दूसरे पक्षों से मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है अतरैया निवासी पूजा पत्नी गयाचरन वर्मा का आरोप है कि वह 22 सितंबर को सुबह करीब 10:00 बजे अपने घर के बाहर भैंस को धूल रही थी तभी पड़ोसी देवराज पाल आया और आग बबूला होते हुए भैंस धोने से मना किया और जातिसूचक शब्दों से गाली-गलौज करने लगा बाद में उसकी पत्नी विनीता आ धमकी और बाल पकड़कर जमीन गिरा दिया और जमकर मारा पीटा इनके साथ दो अज्ञात लोग भी थे। रिश्तेदारों और पड़ोसियों ने आकर बचाया। पुलिस ने पति-पत्नी और दो अज्ञात को नामजद करके दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। इसी तरह देवराज की तहरीर पर पुलिस ने रामनरायन, रोहित, सुनील, पूजा के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### किसान को नहीं मिल रहा ट्रांसफार्मर, किसान परेशान

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के इमिलिया बाड़ा मुहाल निवासी किसान के निजी नलकूप का विद्युत ट्रांसफार्मर फुंक जाने के बाद अवर अभियंता की रिपोर्ट के बाद दूसरा ट्रांसफार्मर नहीं मिल रहा है किसान पीरुउद्दीन ने विद्युत विभाग की वेबसाइट 1912 में शिकायत दर्ज करके ट्रांसफार्मर दिलाने की मांग की है।

### शांति भंग में चालान

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव निवासी पोखर सिंह पुत्र रामसेवक व अवधेश व दिनेश पुत्रगण भूरा को शांति भंग करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। तथा तीनों का चालान किया गया है।

### थाना दिवस आयोजित

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व से संबंधित दो शिकायती पत्र दर्ज किए गए जिनके निस्तारण के लिए संबंधित लेखपाल दिए गए। इस अवसर पर थाना प्रभारी रामआसरे सरोज सहित राजस्व विभाग के कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के लेखपाल मौजूद रहे।

# दरगाह शेख चांद बाबा के उर्स के दूसरे दिन आस्था और श्रद्धा का उमड़ा जनसैलाब

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



कस्बे की ऐतिहासिक दरगाह शेख चांद बाबा के उर्स पाक के दूसरे दिन आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही बाबा की मजार पर चादरपोशी और फूल चढ़ाने वालों की लंबी कतारें लगी रहीं। दूर-दराज़ क्षेत्रों से आए जायरीन ने अमन और भाईचारे की दुआएं मांगीं दरगाह कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई थीं। साफ-सफाई, रोशनी और पेयजल की उत्तम व्यवस्था के साथ ही स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया था शनिवार की रात दरगाह परिसर में आयोजित भजन संध्या में क्षेत्रीय प्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश दिया। देर रात तक महफिलों का दौर जारी रहा। कव्वाली और चिराग रोशन करने के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए जायरीन ने कहा कि शेख चांद बाबा का उर्स सदियों से आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक रहा है। पूरी रात दरगाह परिसर में शमा महफिलें जगमगाती रहीं और श्रोता कव्वालियों की सूफियाना धुनों पर झूमते रहे

# चंद्रावल नदी का रपटा बनने का रास्ता साफ

**हमीरपुर-मौदहा, समृद्धि न्यूज।**

पिछले माह चंद्रावल नदी एक किसान के द्वारा आधा ट्रैक्टर डूब कर नदी पार करने का फोटो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था जिसके बाद जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान लेते हुए मंगलवार को सेतु निगम के इंजीनियर को मौके पर भेजा है जिसके बाद अब रपटा बनने का रास्ता साफ हो गया है अक्टूबर माह को सेतु निगम के अधिकारियो ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भमौरा जाकर चंद्रावल नदी के बीच से निकलने वाले रास्ते का मुआएना किया साथ ही नदी में रपटा बनाने की बात कही गौरतलब हो कि सितम्बर माह में एक फोटो सोशल मीडिया में वायरल हुई थी जिसमे ग्रामीण का आधा ट्रैक्टर में डूबा हुआ होने के बाद भी नदी पार करते दिखाया गया था और भभौरा,छिरका, मवैइया सहित अन्य गावों के किसानों को इसी रास्ते से होकर खेत बुवाई जुटा व कृषि संबंधित अन्य कारों के लिए इस मार्ग से होकर जाना पडता है जिससे कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है। उसी खबर का संज्ञान लेते हुए अक्टूबरमाह को सेतु: निगम की टीम ने मौके पर जाकर रास्ते का निरीक्षण किया और रास्ते में रपटा बनवाने की बात कही। साथ ही सेतु: निगम के सहायक अभियंता पंकज कुमार ने बताया कि, अगर यह रास्ता अन्य गावों को जोडने वाला सम्पर्क मार्ग होता तो पुल बनाया जा सकता था लेकिन सिर्फ खेतोँ की वजह से आवागमन होता है इसलिए रपटा बनवाया जाएगा।

वही क्षेत्र के किसानों का कहना है कि इस रास्ते से समय-समय पर खेत की जुताई बुवाई कटाई एवं मडाई तथा अन्य कृषि संबंधित कार्यों के लिए जाना पड़ता है वहीं इस समय रवि की बुवाई चल रही है अगर यही हाल रहा तो हमारे खेत वोय नहीं जा सकते एवं खेत खाली पड़े रह जायगे बरसात के मौसम में बारिश हो जाने पर इस रास्ते से जान जोखिम में डालकर ट्रैक्टर सहित अन्य वाहन निकालना खतरे से खाली नहीं है।

# रिक्रूट आरक्षियों के साथ सैनिक सम्मेलन संपन्न



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों से संवाद कर उनकी समस्याएं, आवश्यकताएं एवं सुझाव सुने। उन्होंने जवानों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने प्रशिक्षण को पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया,जवानों को पुलिस सेवा के दायित्वों, कर्तव्यों एवं व्यवहारिक चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल शारीरिक दक्षता ही नहीं, बल्कि मानसिक एवं नैतिक रूप से भी एक आदर्श पुलिसकर्मी का निर्माण करना है। सैनिक सम्मेलन के दौरान रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण व्यवस्था व समस्याओं के समाधान हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन्स, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स, मुख्य आरक्षी प्रशिक्षक सहित अन्य प्रशिक्षण स्टाफ उपस्थित रहे।

### मधुमक्खी का छत्ता जलाते समय घर में भड़की आग



**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** घर के अंदर रखे मधुमक्खी के छत्ते में आग लगाते समय आग का गोला कमरे में रखे सामान पर आ गिरा। इससे कमरे में आग लग गई। फायर दस्ते की तत्परता से आग विकराल रूप नहीं ले सकी और बुझ गई।कस्बे के इमिलिया थोक निवासी गंगाराम अनुरागी के घर में मधुमक्खियों ने छत्ता बना रखा है। इसी माह उसके घर पर शादी समारोह है। शादी समारोह में किसी तरह का दखल न हो, इसको दृष्टिगत रखकर शनिवार को मधुमक्खियों को भगाने के लिए आग लगा दी गई। आग का गोला अचानक कमरे में रखे सामान पर गिर गया। इससे हड़कंप मच गया। इसकी सूचना फायर दस्ते को दी गई। फायर दस्ते ने तत्परता दिखाई और चंद मिनट में मौके पर पहुंचकर भड़क रही आग पर काबू पाया। जिससे शादी के लिए खरीदकर रखा गया सामान जलने से बच गया। आग से काफी मात्रा में जलाऊ लकड़ी आदि जली है। शेष गृहस्थी का सामान बच गया है

# महापुरुषों की मूर्ति को क्षति पहुंचाने वाले गिरफ्तार

**श्रीनगर/महोबा, समृद्धि न्यूज।**




▸ गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर-कल्टीवेटर बरामद
▸ चौबीस घंटों के अन्दर जनपदीय एसओजी व श्रीनगर थाना की संयुक्त पुलिस टीम ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सिजहरी के अमरैयन मुहल्ला में स्थित सन्त शिरोमणि श्री रविदास जी की प्रतिमा को बीति रात अज्ञात अराजकतत्वों द्वारा क्षति पहुंचायी गयी थी एवं पास लगे साईन बोर्ड को भी उखाडकर तोड दिया था।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुँचकर निरीक्षण एवं जाँच-पड़ताल की गई। पुलिस तहरीर के आधार पर थाना श्रीनगर में धारा 298/324(4) बीएनएस व 3(1) एफ एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की गहनता से जाँच पड़ताल शुरू कर आरोपियों की तलाश में जुट गई थी।पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लिया गया, जिसके क्रम में उक्त सामाजिक सद्भाव प्रभावित करने वाले अराजकतत्वों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी के पर्यवेक्षण में जनपदीय एसओजी प्रभारी शिवप्रताप सिंह एवं थानाध्यक्ष श्रीनगर जयचन्द्र सिंह के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीमों का गठन किया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित टीमों द्वारा सुरागरसी, पतारसी, घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन व अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर घटना में संलिप्त निखिल राजपूत पुत्र मनोज कुमार उम्र करीब 21 वर्ष एवं बृजेन्द्र रैकवार पुत्र मोतीलाल उम्र 25 वर्ष निवासीगण ग्राम सिजहरी को सूरा चौकी के पहले सिजहरी रोड पर बन रहे नये हाईवे के निर्माणाधीन पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है।

इस दौरान अभियुक्तों से घटना मे प्रयुक्त एक ट्रैक्टर मैसी कम्पनी का व कल्टीवेटर (हल) की बरामदगी करते हुए उक्त घटना का अनावरण किया गया।

# साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

▸ वेदनिधि फाउंडेशन ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



वेदनिधि फाउंडेशन द्वारा थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बरभौली स्थित सूरजपाल सिंह पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया और मोबाइल व लैपटॉप पर इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के गुर सीखे। यह कार्यशाला छात्रों को ऑनलाइन दुनिया की चुनौतियों के प्रति जागरूक करने और इंटरनेट को उनके अध्ययन एवं व्यक्तिगत विकास के लिए एक सशक्त माध्यम बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। बच्चों को सिखाया गया कि कैसे मजबूत पासवर्ड बनाएं, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करते समय सतर्क रहें, फ़िशिंग और साइबर बुलिंग जैसे खतरों को पहचानें और ऑनलाइन मुठभेड़ों का सामना कैसे करें। इंटरनेट का उपयोग शैक्षणिक शोध, ऑनलाइन कोर्सेज और स्वयं के विकास के लिए बेहतर ढंग से कैसे करें, इस बारे में भी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वेदनिधि फाउंडेशन के निदेशक प्रशांत गुप्ता ने कहा कि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। हमें ऑनलाइन रहते हुए सभी सुरक्षा उपायों का पालन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन छात्रों के विकास और उन्हें आधुनिक विज्ञान से अद्यतन रखने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कुलदीप नागायच ने इस कार्यशाला को छात्रों के विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं संस्थापक दीपक सिंह ने कहा बच्चों को इंटरनेट का उपयोग करते समय अत्यंत सावधान और सजग रहना चाहिए। ऐसे प्रयास बच्चों को जागरूक नागरिक बनने में मदद करते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रशांत गुप्ता, दीपक सिंह, कुलदीप नगायच, अंकुर, श्रद्धा, शिव नरेश, अतुल कुमार, विद्यालय गुरुजन सहित 300 से अधिक बच्चे और शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला ने सभी प्रतिभागियों को तकनीक के जोखिमों और अवसरों दोनों के प्रति ही बेहतर ढंग से शिक्षित किया।

# छात्रों को पढ़ाया यातायाता नियमों का पाठ



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

यातायात जनजागरूकता माह के क्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में एक विशेष यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

क्षेत्राधिकारी (यातायात) द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित आवश्यक जानकारियाँ प्रदान की गईं तथा सड़क पर चलते समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा नियमों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग, ओवरस्पीडिंग, मोबाइल फोन के प्रयोग तथा नशे की हालत में वाहन चलाने के खतरों के विषय में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया इस अवसर पर प्रभारी यातायात भी मौके पर उपस्थित रहे

### मानसिक बीमारी से उब कर की आत्महत्या

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रीवन निवासी राजेन्द्र प्रसाद 65 पुत्र बद्रीप्रसाद मानसिक बीमारी से तंग आकर भोर सुबह अपने घर की छत के ऊपर दूसरे खण्ड के लिए बने पिलर में रस्सी का फंदा बना छत के नीचे झूल गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई द्य परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक के पुत्र पंकज ने बताया कि मेरे पिता मानसिक रूप से बीमार थे पिछले वर्ष हमीरपुर में जमुना नदी में कूद गए थे ,वही छः माह पूर्व ट्रेन में कटने गए थे शुक्रवार को घर मे छत पर अकेले न जाने कैसे पहुंच गए और यह कदम उठा लिया है कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि रीवन गांव फाँसी की सूचना मिली शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा है रिपोर्ट आने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# महोबा के पूर्व एसपी मणिलाल पाटीदार को सुप्रीम कोर्ट से मिली सशर्त जमानत

▸ कबरई के क्रेशर व्यवसाई इन्द्रकांत त्रिपाठी प्रकरण में आरोपी हैं आईपीएस पाटीदार

**समृद्धि न्यूज महोबा।**

क्रेशर उद्योग नगरी कबरई में खनन कारोबारी इंद्रकांत त्रिपाठी प्रकरण में आरोपी मणिलाल पाटीदार को सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिल गई है। महोबा जिले के एसपी रहे मणिलाल पाटीदार को घटना वाले जिले में प्रवेश करने पर शीर्ष अदालत द्वारा रोक लगाई गई है। विस्फोटक व्यापारी की सनसनीखेज हत्याकांड के मामले में जेल में बंद आरोपी महोबा के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक मणिलाल पाटीदार को कुछ शर्तों के साथ शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है।

जहां शीर्ष अदालत ने मणिलाल पाटीदार को पासपोर्ट जमा कराने के आदेश दिए हैं और साथ ही उस जिले में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया, जहां यह अपराध हुआ है।

ट्रायल में आवश्यक होने पर ही वहां जाने की अनुमति मिलेगी। विस्फोटक व्यापारी ने मरने से पहले तत्कालीन एसपी और पुलिसकर्मियों पर रंगदारी मांगने और उत्पीड़न करने का गंभीर आरोप लगाया था।

# महोबा स्टेशन पहुंचते ही वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का हुआ भव्य स्वागत

▸ खजुराहो भाजपा सांसद, एमएलसी सहित रेलवे के अधिकारियों ने किया जोरदार स्वागत
▸ एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर व भाजपा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया खजुराहो के लिए रवाना

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**



वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज शनिवार को सुबह 8 बजे देश वासियों को एक साथ चार वन्दे भारत ट्रेनों की सौगात दी गई। इन चारों वन्दे भारत ट्रेनों में सबसे प्रमुख वाराणसी-खजुराहो वंदे भारत ट्रेन दोपहर तीन बजकर दस मिनट पर महोबा रेलवे स्टेशन पर पहुँची जहाँ वन्दे भारत ट्रेन के स्टाफ और ट्रेन में सवार यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद विष्णु दत्त शर्मा और एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर ने महोबा स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर ट्रेन में सवार यात्रियों और रेलवे स्टाफ का जोरदार स्वागत किया। वन्दे भारत ट्रेन को देखने के लिए हजारों की संख्या में आम लोग भी रेलवे स्टेशन पहुँच गए, ट्रेन को महोबा स्टेशन में देख लोगों की खुशी देखते ही बन रही थी । मध्यप्रदेश के खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद विष्णु दत्त शर्मा और उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर सहित अन्य भाजपा नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को खजुराहो के लिए रवाना किया। सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि वन्दे भारत ट्रेन वाराणसी से खजुराहो तक चलेगी। प्रधानमंत्री द्वारा बुंदेलखंड वासियों के लिए बड़ी सौगात दी गई है।

इस ट्रेन का संचालन सप्ताह में छह दिन किया जाएगा। वन्दे भारत ट्रेन के चलने से बुंदेलखंड क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बुंदेलखंड वासियों को बड़ी सौगात दी गई है। वन्दे भारत ट्रेन का संचालन होने से धार्मिक नगरी चित्रकूट और वाराणसी सहित पर्यटन स्थल खजुराहो की यात्रा सुलभ हो जाएगी और इस ट्रेन के संचालन से उत्तर प्रदेश सहित मध्यप्रदेश के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए आयुक्त ने की पहल



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

मण्डलायुक्त अजीत कुमार द्वारा उपमहानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, राजेश एस के साथ आज थाना बदौसा में आयोजित थाना दिवस में प्रतिभाग कर जनता की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुना गया। थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के संबंध में आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

उन्होंने उपजिलाधिकारी अतर्रा को आदेशित किया कि निस्तारित शिकायतों की पूर्ण आख्या मण्डल कार्यालय को समयबद्ध रूप से प्रेषित की जाए। आयुक्त ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि भूमि विवाद संबंधी मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर भेजी जाए, ताकि विवादों का तथ्यात्मक एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान चिकित्सक दीपक द्विवेदी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर आयुक्त ने सीएमओ बाँदा को निर्देश दिया कि संबंधित चिकित्सक का वेतन तत्काल प्रभाव से अवरुद्ध किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं सीधे जनता के जीवन से जुड़ी हैं, अतः लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। इसके बाद आयुक्त द्वारा मंडी समिति बदौसा में खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लगभग 200 कृषक खाद प्राप्त करने हेतु कतार में खड़े पाए गए। केंद्र प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि केंद्र पर 500 बोरी खाद उपलब्ध है, जिसे टोकन व्यवस्था के माध्यम से वितरित किया जा रहा है। इस पर आयुक्त ने निर्देशित किया कि नायब तहसीलदार अतर्रा अपने नेतृत्व में तथा पुलिस विभाग के सहयोग से आज ही उपस्थित सभी किसानों को नियमों के अनुसार खाद वितरण सुनिश्चित करें, ताकि किसान परेशान न हों।

मण्डलायुक्त अजीत कुमार ने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि हर सरकारी योजना एवं सेवा का लाभ पात्र व्यक्ति तक बिना भेदभाव, बिना देरी एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत पहुँचे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता, उत्तरदायित्व एवं मानवीय दृष्टिकोण सर्वोपरि होना चाहिए।

# असंगठित मजदूर मोर्चा ने चलाया जागरुकता अभियान

## श्रम विभाग से अपना रजिस्ट्रेशन कराने और इसका लाभ लेने की अपील की

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम पंचायत बधनियापुरवा अमवा बिसण्डा में असंगठित मजदूर मोर्चा के तत्वाधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष दल सिंगर जी के आदेश अनुसार जन जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल तस्करी, बचपन बचाओ आंदोलन, स्वास्थ्य शिक्षा, और जीरो प्रॉपर्टी के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद ने श्रम विभाग से अपना रजिस्ट्रेशन कराने और इसका लाभ लेने की अपील की।

श्रम विभाग की सुमंगला योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत की जोड़ी समस्याओं पर भी चर्चा हुई, जैसे राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, और आवास आदि। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद ने किया, जिनका मोबाइल नंबर 7408857516 है। जिला महामंत्री भगवती प्रसाद नामदेव का मोबाइल नंबर 7398865466 है, और जिला संयोजक मंत्री शिवकुमार विमल जी का मोबाइल नंबर 9170819532 है। सक्रिय सदस्य पूरन प्रसाद वर्मा, लला रमेश, अवधेश, गीता, राजा, शियारानी, और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# हरी झंडी दिखाकर रवाना की बनारस टू खजुराहो वंदे भारत ट्रेन



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी से खजुराहो के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बांदा रेलवे स्टेशन पर भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बनारस टू खजुराहो वंदे भारत ट्रेन वाराणसी से सुबह 5.25 बजे चलकर दोपहर 1.10 बजे खजुराहो पहुंचेगी। वापसी में यह खजुराहो से दोपहर 3.20 बजे चलकर रात 11 बजे वाराणसी पहुंचेगी। इस ट्रेन का मुख्य उद्देश्य खजुराहो में पर्यटन को बढ़ावा देना और यात्रियों को तेज और आरामदायक यात्रा प्रदान करना है। बांदा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन बुंदेलखंड के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात है। यह ट्रेन न केवल यात्रियों को तेज और आरामदायक यात्रा प्रदान करेगी, बल्कि क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# सोफिया ने फर्राटा दौड़ में मारी बाजी

**बेबरू बांदा, समृद्धि न्यूज।**



ब्लाक संकुल औगासी के अंतर्गत पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय मझीवा में विद्यालय स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया गया आयोजन। जिस पर जूनियर स्तर बालिका वर्ग में 100 मीटर 200 मीटर 400 मी व लंबी कूद में सोफिया ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विशेष मेधा दिखा कर अपना परचम लहराया। जूनियर स्तर बालक वर्ग में 100 मीटर में विकास 200 मीटर में विकास 400 मीटर में रामकेश तथा लंबी कूद में रोशन प्रथम स्थान अर्जित किया। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में 50 मीटर में कंचन, 100 मीटर में पायल, 200 मीटर में राखी, 400 मीटर में राखी तथा लंबी कूद में कंचन ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इसी तरह प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 50 मीटर में शिवम, 100 मीटर में शिवम, 200 मीटर में शिवम तथा लंबी कूद में शिवम व सुशांक ने प्रथम स्थान अर्जित किया। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों ने खेल भावना को दृष्टिगत रखते हुए प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित किए। इस दौरान विद्यालय के पीटीआई रामस्वयंबर पाण्डेय ने बताया कि विद्यालय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे तथा शासन द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार प्रतिभागियों के मानक का ध्यान रखते हुए प्राथमिक स्तर व जूनियर स्तर बालक बालिका ही खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक हरि मोहन, शिवनायक,लाल सिंह यादव, शिवदर्शन प्रसाद, राजीव पटेल, इंदु देवी,प्रतिभा यादव, किरन यादव, राम स्वयंवर पाण्डेय आदि शिक्षक व बच्चे तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में आए तीन प्रार्थना पत्र, एक पर हुआ मुकदमा दर्ज

**जसपुरा (बांदा)।** जसपुरा थाने में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता सीओ सदर राजवीर सिंह ने की। इस मौके पर थाना प्रभारी अवधेश कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक यादवेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक रामकिशोर कुशवाहा, राजस्व निरीक्षक महेश प्रसाद, लेखपाल अभय यादव और लेखपाल नीरज समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस के दौरान कुल तीन प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से एक मामले में अभियोग पंजीकृत किया गया। बाकी दो प्रार्थना पत्रों पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्राप्त शिकायतें ज्यादातर भूमि विवाद से संबंधित रहीं। सीओ सदर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण और समयबद्ध ढंग से किया जाए, ताकि आम जनता को न्याय मिल सके।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार शक्ति पीठ में हुआ नाम करण संस्कार

**बेबरू बांदा, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री शक्ति पीठ मंदिर के द्वारा नारी सशक्तिकरण को लेकर राष्ट्रीय शौर्य समृद्ध 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सहित नाम करन संस्कार ,पुंसवन संस्कार, विद्या आरंभ संस्कार सहित कार्यक्रम सम्पन्न किये गये। कस्बे के गायत्री शक्ति पीठ बबेरू मे तृतीय दिवस पर देव पूजन के बाद 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ शान्ति कुन्ज हरिद्वार के प्रतिनिधि टोली नायक प्रमोद वर्चे के द्वारा सम्पन्न कराया गया जिसमे क्षेत्र व कस्बे के लोगो ने आहुतियां दिया और संस्कार कार्य भी सम्पन्न कराये गये पुंसवन संस्कार नाम करन संस्कार विद्या आरम्भ संस्कार सहित अन्य संस्कार कराये गये तथा गीत मे प्रेरणात्मक गीत तथा उपदेशात्मक गीत घर घर अलख जगायेंगे हम बदलेंगे जमाना, मनुज देवता बने बने है धरती स्वर्ग समान, यही संकल्प हमारा, यज्ञ रूप प्रभु हमारे भाव उज्जवल कीजिये आदि कार्यक्रम सम्पन्न किये गये। इस दौरान विजेन्द्र कुमार विजेन्द्र कुमार कोदू राम मनीष सोनी प्रमोद कुमार श्रीकृष्ण गुप्ता दयाशंकर चौरसिया बुधराज यादव पंकज अजय कुमार श्रीमती राम सखी पटेल बीना गुप्ता सहित गायत्री परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बने संजय



**इटावा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के नवनियुक्त प्रदेश सचिव संजीव कठेरिया को मनोनीत किया। उनके मनोनयन पर जिले के सभी कांग्रेस जनो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी, प्रवक्ता वचस्पति द्विवेदी, प्रवक्ता सतीश नागर, नरेन्द्र यादव, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शोजब रिजवी, आसिफजादरान, सरवर अली, राहुल दीक्षित, जितेन्द्र यादव, अंशुल यादव, सचिन संखवार, सतीश शाक्य, अरूण यादव ओबीसी जिलाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह शाक्य, शहर अध्यक्ष मोहित शर्मा, योगिराज यादव, अंसार अहमद, रमेशचंद्र यादव, उदयराज यादव, संदीप यादव, शालू यादव, अंकित, रामकुमार, अजीत शर्मा, प्रशांत यादव, प्रवीन कुमार फ़िरदोस खान आदि साथियों ने हर्ष व्यक्ति किया है।

## कार-कंटेनर की भिड़ंत में कार क्षतिग्रस्त

**बकेवर, इटावा।** कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग 19 ओवरब्रिज के निकट हाईवे के किनारे लगी सिंघाड़ा की ठेली के पास खड़ी कार को तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी जिसमें कार क्षतिग्रस्त हुई लेकिन उसमें सवार चार लोग मामूली जख्मी हुए सभी लोग बाल बाल बच गए। औरैया जिले के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र की ग्राम जुआ निवासी आरती देवी अपने पति के साथ बीमार पुत्री की दवा लेने इटावा कार से गई थी जब वह वापस लौट रही थी तो कस्बा स्थित हीरो एजेंसी के सामने हाइवे के किनारे ठेली पर सजी उबले हुए सिंघाड़ा की खरीददारी करने के लिए रुकी तभी तेज रफ़्तार कंटेनर उनकी खड़ी कार में आ भिड़ी जिससे उनकी कार तो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई इस दुर्घटना में कार सवार चार लोग मामूली रुप से जख्मी हो गए। और बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। वहीं कंटेनर चालक मनोज ने बताया कि वह मानेसर से गाड़ियों के पार्टस कंटेनर में लोड करके नागपुर जा रहा था कि अचानक कंटेनर का संतुलन बिगड़ने से कंटेनर खड़ी कार में जा भिड़ा। वहीं दुर्घटना की सूचना मिलने पर 112पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को हाइवे से हटवाकर यातायात बहाल कराया।

## छात्र-छात्राओं को मानसिक रोगो माइग्रेन, मिर्गी के दौरे हिस्टीरिया के बारे में किया जागरूक

**नरैनी/बांदा।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य पखवारा में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम जिला चिकित्सालय द्वारा राजकुमार इंटर कॉलेज में शिविर का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ चिकित्सको ने छात्र–छात्राओं को मानसिक रोगो माइग्रेन, मिर्गी के दौरे हिस्टीरिया, डिप्रेशन, नींद की समस्या, चिंता रोग, घबराहट, शक करना, डर लगना,याददाश्त की कमी होना आदि की व्यापक जानकारिया और बचाव के टिप्स दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेंद्र सिंह के निर्देश पर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम ने इंटर कालेज में मानसिक स्वास्थ शिविर का आयोजन किया। कार्यशाला में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ रिजवाना हाशमी द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार शारीरिक स्वास्थ्य आवश्यक है वैसे ही मानसिक स्वास्थ्य भी आवश्यक है। जिस प्रकार हम सड़ा भोजन नहीं कर सकते वैसे ही मस्तिष्क में नकारात्मक विचार न आने दे हम स्वयं ही अपने नकारात्मक व सकारात्मक विचारों का मूल्यांकन करें। यदि किसी प्रकार का अवसाद या एंजायटी होती है तो अपने माता–पिता अपने गुरुजनों व जिला चिकित्सालय में आकर काउंसलिंग ले सकते हैं। साइट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ ने कहा कि मानसिक रोग में अवसाद, एंजायटी, ओसीडी, मिर्गी व हिस्टीरिया आदि रोग आते हैं इसके विषय में उन्होंने जानकारी दी। अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी नरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि मिस्टर हॉल के अनुसार किशोरावस्था बहुत ही तनाव और तूफान की अवस्था होती है यदि इसे सही दिशा मिल जाए तो नई शक्ति का संचार हो जाता है।

## बसपा की नगर कमेटी का हुआ गठन



**नरैनी/बांदा।** बसपा ने नगर कमेटी का गठन कर पदाधिकारियों को जुम्मेदारिया सौंपी है।11 नवंबर से पार्टी की अतिरिक्त टीम बूथ लेबल पर एसएआर के लिए काम कर अपने वोटरों की जांच करेगी। बहुजन समाज पार्टी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए अपनी रणनीति तैयार करने में जुट गई है।कस्बा के एक मैरिज हाल में पार्टी पदाधिकारियों/ कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित की गई।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक/एमएलसी भीमराव अंबेडकर ने बताया कि पंचायत चुनाव में पार्टी की भूमिका को मजबूत करने के लिए बूथ लेबल पर अपनी इकाइयों को सक्रिय करना निर्वाचन में चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओ का चयन कर मजबूती दी जाएगी। बताया कि 11 नवम्बर से एक अतिरिक्त टीम को बूथ लेबल पर मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए लगाया जाएगा। बताया कि इस टीम की घोषणा दो दिन में कर दी जाएगी।बैठक के दौरान नगर कमेटी का गठन किया गया है जिसमे इंद्रपाल पथिक को नगर अध्यक्ष, हीरालाल वर्मा को नगर प्रभारी, बरकत बेग को सचिव,अतुल सोनकर को कोषाध्यक्ष,सुशील मिश्रा एडवोकेट को नगर उपाधयक्ष बनाया गया है। कार्यक्रम में बुंदेलखंड प्रभारी रामसेवक प्रजापति, शिवकरन दिनकर, राकेश राजपूत, अनिरुद्ध वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लल्लूराम निषाद, नरैनी विधान सभा अध्यक्ष संजीव राजपूत, महासचिव पंकज, रामबाबू श्रीवास आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति टीम ने चलाया सघन जागरुकता अभियान

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में आज पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन जागरुकता अभियान चलाया गया । अभियान के अन्तर्गत बाजारों, ग्राम सचिवालयों, कस्बों आदि में लोगों को एकत्रित कर/चौपाल लगाकर उन्हे टेम्पलेट वितरित कर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं, कार्यक्रमों, कानूनों, साइबर अपराधों सहित विभिन्न सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।

बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी देकर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । साथ ही वर्तमान में हो रहे साइबर अपराधों के तरीकों व उनसे बचने के उपायों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई । मिशन शक्ति 5.0 जागरुकता अभियान के क्रम में थाना गिरवां की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम माल्हेरा नेवादा में, थाना चिल्ला की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम सादी मदनपुर में, थाना मरका की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम कस्बा मरका में व थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम सैमरा में अभियान के तहत वृहद रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं व लोगों को जागरुक किया गया ।

## पीडीए जन चौपाल का हुआ आयोजन

**नरैनी/बांदा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति से समाजवादी पार्टी की नीतियों कार्यक्रमों और श्रद्धेय नेताजी के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला पार्टी कार्यालय से आलोक यादव के नेतृत्व में पीडीए जन चौपाल साइकिल यात्रा 12 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी कार्यालय बिजली खेड़ा बांदा से प्रारम्भ होकर जिले की चारों विधानसभाओं में भ्रमण कर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाना है आज यह यात्रा नरैनी विधानसभा क्षेत्र के फतेहगंज पहुचने पर सुमन दिवाकर (जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी बाबा वाहिनी, सदस्य जिला विकास एवं निगरानी समिति) ने सभी यात्रा में सम्मिलित दर्जनों क्रांतिकारी सिपाहियों का स्वागत किया झंडी दिखाकर यात्रा को आगे की ओर रवाना किया इस यात्रा में दर्जनों लोग शामिल रहे।

# संगठन और एकता ही सबसे बड़ी शक्तिः डॉ. केएन राय

- ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित

**जौनपुर, समृद्धि न्यूज।**




ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी डा केएन राय ने कहा कि कलियुग में संगठन और एकता ही सबसे बड़ी शक्ति है।

जब लोग एकजुट होकर साथ काम करते हैं, तो वे बड़ी से बड़ी कठिनाइयों को भी पार कर सकते हैं और बड़े लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। वह शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित पत्रकार संघ भवन में एसोसिएशन की जिला इकाई की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सांगठनिक रूप से तो मजबूत हैं लेकिन संवैधानिक रूप से भी मजबूती की आवश्यकता है। ऐसे में संगठन की बैठक कार्यक्रम विस्तारीकरण आदि लिखित रूप से होना चाहिये। मण्डल अध्यक्ष विन्देश्वरी सिंह ने जिला एवं तहसील कार्यकारिणी की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। संरक्षकगण राकेश श्रीवास्तव, श्याम रतन श्रीवास्तव एवं रामजी जायसवाल ने संगठन की मजबूती और सार्थकता के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किये। जिला संजय अस्थाना ने मंडल अध्यक्ष के निर्देशों का स्वागत करते हुए संगठन के विस्तारीकरण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को डॉ आशा राम यादव बृजराज चौरसिया, प्रमोद जायसवाल, संजय शुक्ला, रमाशंकर शुक्ल, श्याम सुंदर पाण्डेय, आशीष पांडेय आदि ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर गुलाब चंद्र पांडेय, प्रदीप पांडेय, लक्ष्मी नारायण मौर्या, विवेक श्रीवास्तव, देवेंद्र खरे, मेवा यादव, रोहित चौबे, गोरख सोनकर, जफर अहमद, कमलेश कुमार, गौरव उपाध्याय, जितेंद्र दुबे, सतीश उपाध्याय, बुद्धि प्रकाश तिवारी, संदीप यादव, अमित निषाद, तबरेज नियाजी, बख्तियार आलम, दानिश इकबाल आदि उपस्थित रहे।

# जुगाड़ गाड़ियों की भिड़ंत में चालक गंभीर रूप घायल

**बकेवर इटावा, समृद्धि न्यूज।**

भरथना मार्ग पर हर्रापुरा में पिकअप व जुगाड़ वाहन की आमने सामने की टक्कर में जुगाड़ वाहन चालक गम्भीर रुप से घायल हो गया दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु पच्चास शैय्या अस्पताल भेजा जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल के लिऐ रेफर किया गया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि बकेवर भरथना मार्ग पर शनिवार की दोपहर भरथना की तरफ जा रहे जुगाड़ वाहन व पीकअप वाहन की आमने सामने टक्कर हल गयी जिसमें जुगाड़ वाहन चालक पिन्टू पुत्र रामनारायण निवासी लालपुरा थाना कोतवाली इटावा गम्भीर रुप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस ने घायल को उपचार हेतु बकेवर के पच्चास शैय्या अस्पताल भेजा गया। जहां डाक्टर अभिषेक द्वारा घायल को प्राथमिक उपचार दिया गया। वहीं घायल जुगाड़ वाहन चालक की हालत खराब होने पर उसे जिला अस्पताल के लिऐ रेफर किया गया। दुर्घटना में क्षतिग्रस्त जुगाड़ वाहन व पिकअप को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया गया।

# किसानों की जनसमस्याओं पर सीएम को भेजा ज्ञापन




**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

किसान सभा ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि जनपद में धान की फसल कटने के लिए तैयार थी, ऐन वक्त पर कई दिनो तक हुई बेमौसम बारिश से किसानो की फसल बर्बाद हो गई है, किसान सरकार से फसल नुकसान का सर्वे कराकर नुकसान के आधार पर किसान को मुआवजा दिलाने आदि मांग को लेकर दर्जनो किसानो ने कचहरी पहुंचकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन दिया।

प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के जिलामंत्री संतोष शाक्य ने कहा कि मोदी-योगी सरकारों की किसान-मजदूर विरोधी एवं कारपोरेटपरस्त-साम्प्रदायक नीतियों की कडी आलोचना करते हुए कहा मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में डीएपी खाद की किल्लत दूर करने, धान की लूट बंद कर एमएसपी पर सरकारी खरीद कराने, बासमंती का न्यूनतम संमर्थन मूल्य 4000-5000 रू. कुं. करने, रोक लगने से धान उत्पादन में हुयी कमी की क्षतिपूर्ति का मुआवजा, बिजली निजीकरण बिल वापसी, मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने आदि मांगो को उठाया गया। प्रदर्शन में वीरेन्द्र सिंह, प्रेमशंकर यादव, ओपी सिंह, नरेन्द्र शाक्य, मोनू यादव, माधुरी, श्रीकांता, सकट नरायण सविता, दिनेश चंद्र, कैलाश, राजेश, जय कुमार, गोपी, राजू सहित बडी संख्या में लोग मौजूद रहे। किसान सभा कार्यालय से जुलूस कचहरी पहुंचा जहां ज्ञापन दिया गया।

# एसपी ने बिसण्डा थाने का किया औचक निरीक्षण

- थाना अभिलेखों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के दिए निर्देश

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा थाना बिसंडा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक बिसंडा से उनके थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं तथा ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे। अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष तथा थाने की साफ-सफाई आदि का गहन अवलोकन किया गया। प्रभारी निरीक्षक बिसंडा को थाना परिसर की साफ-सफाई तथा कर्मचारियों से नियमित रुप से सैनिक सम्मेलन कर उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।

## बार एसोसिएशन चुनाव का परिणाम घोषित

**इटावा।** जिला बार एसोसिएशन चुनाव परिणामों की मतगणना रात 9 बजे पूरी होने के साथ ही नई कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया गया। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर राजेश त्रिपाठी, महामंत्री पद पर नितिन तिवारी और कोषाध्यक्ष पद पर प्रभाकर त्रिपाठी ने महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। परिणाम सामने आते ही कचहरी परिसर में खुशी और उल्लास का माहौल दौड़ गया। समर्थकों ने ढोल–नगाड़े बजाकर, आतिशबाजी कर और एक–दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए जीत का जश्न मनाया। बार चुनाव में इस बार उत्साह देखने लायक रहा। कुल 951 पंजीकृत अधिवक्ताओं में से 867 ने मतदान किया, जोकि 91 प्रतिशत मतदान रहा। चुनाव में 23 पदों के लिए मतदान होना था, जिनमें अध्यक्ष पद पर 5, महामंत्री पद पर 4, कोषाध्यक्ष पर 2, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर 3, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर 4, सदस्य पद पर 6 प्रत्याशी मैदान में थे।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, विशेश्वरगंज,बहराइच।**

पत्रांक-490/आंकिक/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक- 06.11.2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 366/आंकिक/क्षे.पं./निविदा पत्र/2025-26 दिनांक 15.09.2025 द्वारा जारी निविदा पत्र में क्र.सं. 27 पर अंकित कार्य ग्राम पंचायत महादेव परसिया में काली माता मन्दिर पर हाई मास्क लाईट का स्थापना त्रुटिवश ग्राम पंचायत झूरी कुईयां के स्थान पर ग्राम पंचायत महादेव परसिया अंकित हो गया है परियोजना का नाम ग्राम पंचायत झूरी कुईयां के मजरा महादेव परसिया मे काली माता मन्दिर पर हाई मास्क लाईट का स्थापना कार्य पढ़ा जाये। निविदा की नियम एवं शर्ते पूर्ववत रहेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**विशेश्वरगंज, बहराइच।**

# साई मीर कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी में किया गया फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**फर्रुखाबाद (छिबरामऊ), समृद्धि न्यूज़।**

▸ **प्राचार्य डॉ. अर्पित कटियार ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

साईं मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में दिनांक 08.11.2025 को विदाई समारोह आयोजन किया गया। बी. फार्मा बैच 2021-25 के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कॉलेज स्टाफ ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

जनपद कन्नौज के छिबरामऊ में डॉ. जितेन्द्र सिंह तथा डॉ. अनीता रंजन द्वारा संचालित साई मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शनिवार को बी.फार्मा बैच 2021-25 के छात्र छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अर्पित कटियार ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। फेयरवेल पार्टी में विशेष अतिथि के रुप में डॉ. प्रशान्त दीक्षित (सी.एच.सी. छिबरामऊ) उपस्थित रहे। जिन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्राचार्य डॉ. अर्पित कटियार ने कहा कि यह विदाई दिवस विद्यार्थियों में एक समारोह के साथ-साथ नई जिम्मेदारी का एहसास कराने वाला भी होना चाहिए।

साथ ही इस समारोह में सुमैया नाज को मिस फेयरवेल तथा अभय सिंह राजपूत को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। साथ ही साथ प्रोग्राम ऑर्गनाइज करने के लिए कुनाल गुप्ता को बेहतरीन एंकरिंग के लिए अवार्ड दिया गया। प्रोग्राम प्रबन्धन व सजावट के लिए अभय शुक्ला, पियूष गुप्ता तथा यश गुप्ता को अवार्ड दिया गया। बेहतर नृत्य के लिए आविदा, श्रेष्ठ कटियार, नैन्सी गुप्ता व वंशिका गुप्ता को अवार्ड दिया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में बिताये अपने पुराने स्वर्णिम दिनों को याद किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने कौशल से सभी अतिथिगणों को मोहित कर दिया। कार्यक्रम में खुशबू वर्मा, उमांश नारानयण अवस्थी, शर्मिला मौर्य, अरुण कुमार, अनुज कुमार, शिवाकांत, निशा यादव, अनुरागिनी, शालिनी श्रीवास्तव, राहुल शाक्य, मनोज कुमार, दीपक प्रजापति, दीपा राजपूत, अलशिफा सिद्दिकी, सुजाता शाक्य, रजत शाक्य, पारुल त्रिपाठी, काजल त्रिपाठी, अराफात हुसैन, रेहान अन्सारी, राम भजन, अजय कुमार, चन्दगीराम, संतोष कुमार, दिलीप कुमार, प्रियोजन सिंह, अनुज कुमार, संजीव कुमार, शिशुपाल सिंह सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



मिस एवं मिस्टर फेयरवेल चुने गये छात्र-छात्राएं

## थाना समाधान दिवस में पहुंची चार शिकायतें



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली में हुए थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे कोतवाल विष्णु कांत तिवारी के पास कुल 4 शिकायतें पहुंची, जिसमें 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। कोतवाली में हुए थाना समाधान दिवस में राजस्व की 3 तथा पुलिस की 1 शिकायत पहुंची। उनके निस्तारण के लिए पुलिस के साथ लेखपालों की टीम को मौके पर भेजा गया, जिसमें खबर लिखे जाने तक राजस्व की दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। अन्य शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

# बंदरों के कहर से त्रस्त है छिबरामऊ न.प में लगी लोहे की फेंसिंग

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



शहर में बंदरों के आतंक से परेशान नगर पालिका प्रशासन ने आखिरकार कदम उठाया है। कार्यालय परिसर में लगातार हो रहे उत्पात को रोकने के लिए लोहे के जाल वाली ऊंची फेंसिंग लगवा दी गई है। पोल के सहारे स्थापित यह जाली बंदरों के प्रवेश को पूरी तरह रोक देगी। कार्यालय में बंदरों का झुंड रोजाना पौधों को उखाड़ फेंकता था, जबकि महत्वपूर्ण फाइलें और कागजात फाड़कर बिखेर देता। इससे अधिकारियों का काम ठप हो जाता। लेकिन यह समस्या केवल पालिका तक सीमित नहीं। पूरे छिबरामऊ में बंदरों ने जीवन कठिन बना दिया है। इनके हमलों में कई लोग घायल हुए, तो कुछ ने जान गंवाई। महिलाएं और बच्चे छतों पर जाने से कतरा रहे हैं। कपड़े सुखाने लटकाओ तो फाड़ देते, जबकि घरों में घुसकर खाने-पीने का सामान चुरा ले जाते। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बंदरों को पकड़ने का व्यापक अभियान चलाया जाए। नगर पालिका ने अपना समाधान तो कर लिया लेकिन नगर वासियों का क्या होगा इस बारे में नहीं सोचा। खुद के लिए पालिका का यह प्रयास सराहनीय है, लेकिन शहरव्यापी समाधान की दरकार है। क्या बंदरों पर लगाम के लिए कोई कार्रवाई होगी।

# हेलमेट सुरक्षा का कवच, चालान नहीं जीवन बचाने की सोच रखें

▸ **यातायात प्रभारी ने अभियान चला किया जागरूक, 10 वाहनों के काटे चालान**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सड़क हादसों में सिर की चोटें ही सबसे अधिक जानलेवा साबित होती हैं, लेकिन अफसोस कि लोग हेलमेट को सुरक्षा नहीं, चालान से बचने का साधन समझते हैं। इसी मानसिकता को बदलने के उद्देश्य से यातायात माह के अंतर्गत एसपी विनोद कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियंका वाजपेई के प्रवेक्षण में शहर के प्रमुख चौराहों पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। शनिवार को हरदोई मोड़, तिर्वा क्रॉसिंग, मकरंद नगर तिराहा तथा रोडवेज बस स्टॉप पर यातायात निरीक्षक रवि शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में बिना हेलमेट बाइक सवारों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान कई ऐसे युवक सामने आए जो हेलमेट को हैंडल, हाथ या पीछे बैठे साथी के पास रखे थे, लेकिन पुलिस को देखकर तुरंत उसे पहनने लगे ताकि चालान से बच सकें। टीआई रवि शंकर त्रिपाठी ने ऐसे चालकों को रोका और उन्हें समझाया कि हेलमेट चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन स्वयं और दूसरों दोनों की सुरक्षा के लिए जरूरी है। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने 10 वाहन चालकों के चालान कर नियमानुसार जुर्माना अधिरोपित किया। इस मौके पर मुख्य आरक्षी अजीत कुमार, आरक्षी दीपक भी रहे।



लोगों को जागरुक करते यातायात प्रभारी रविशंकर त्रिपाठी

# थाना समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनीं जनता की फरियादें

▸ **शिकायतों के निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

थाना ठठिया परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने जनता की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए ताकि आमजन को त्वरित न्याय मिल सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और निस्तारण की प्रगति की नियमित समीक्षा भी की जाए। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान विभिन्न गांवों से आए फरियादियों ने अपनी- अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनमें राजस्व, पुलिस एवं विकास से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। कई मामलों में अधिकारियों ने मौके पर ही समाधान कराया। थाना समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी तिर्वा, क्षेत्राधिकारी सदर सहित राजस्व, पुलिस व विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रामीण बालिकाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : मनोज दुबे

▸ **पुरस्कृत की गई विहान बालिका विद्यालय की विजेता छात्राएं**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित तथा समाजशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विहान बालिका आवासीय विद्यालय (निर्माण श्रमिक) में जनजाति चेतना के युगपुरुष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती कार्यक्रम पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध, कला एवं श्रुतलेख प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा प्रतिभाओं को सम्मानित करने से अन्य बच्चों को भी आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। विद्यालय की वार्डेन श्रीमती पीयूष गुप्ता के दिशा-निर्देशन में संपन्न इन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत निबंध लेखन में रुचि शाक्य ने प्रथम, दीक्षा राजपूत ने द्वितीय, निशा ने तृतीय, कला प्रतियोगिता में शबनम ने प्रथम, प्रतीक्षा ने द्वितीय, सुनैना) ने तृतीय, श्रुतलेख प्रतियोगिता में वंदना ने प्रथम, स्वागिनी ने द्वितीय व मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अतिथियों ने प्रत्येक विजेता को 5 सौ रुपये नकद, कप-प्लेट सेट एवं लंच बॉक्स देकर पुरुस्कृत किया। सभी छात्राओं को बिस्किट, नमकीन और केले वितरित किए गए। प्रतियोगिताओं की संचालक वार्डेन पीयूष गुप्ता, शिक्षिका शिवानी शर्मा एवं रुचि शाक्य को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सत्यनारायण वर्मा, अनुपम वर्मा, प्रियांशु गुप्ता, शिवम व जयदीप आदि मौजूद रहे।



# नेशनल हाईवे की दखलंदाजी से नाला निर्माण ठप

▸ **छिबरामऊ में जल निकासी की समस्या बढ़ी**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पूर्वी बाईपास पर विकास खंड कार्यालय के निकट जीटी रोड हाईवे किनारे अतिक्रमण हटाकर नगर पालिका द्वारा शुरू किया गया नाले का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की दखलंदाजी से रुक गया।

प्रोफेसर कॉलोनी और गनी मार्केट इलाकों में लगातार बढ़ रही जलभराव की समस्या को दूर करने के प्रयास में पालिका ने तालग्राम चौराहे से संत निरंकारी आश्रम के पास पुलिया तक जल निकासी नाले का कार्य आरंभ किया था, लेकिन नेशनल हाईवे ने इसे अपनी जमीन बताकर रोक दिया। शनिवार सुबह एनएचएआई की हाईवे पेट्रोल यूनिट के पेट्रोलिंग ऑफिसर विजेंद्र प्रताप सिंह पूर्वी बाईपास पर पहुंचे और निर्माण स्थल पर काम कर रहे मजदूरों को नाला खोदने से सख्ती से रोक दिया। सूचना मिलते ही पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे और जूनियर इंजीनियर (जेई) रविराज कौशल मौके पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि यह नाला जल निकासी की पुरानी समस्या का समाधान है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी हो रही है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि जगह निर्धारण के लिए हाईवे अधिकारियों से कई दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। वहीं, एनएचएआई यहां मेजर जंक्शन विकसित करने की योजना बना रहा है, जो दो वर्षों से लंबित पड़ी है। इस कारण सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। नगर पालिका की भी इस स्थान पर आधुनिक टॉयलेट कॉम्प्लेक्स और यात्री प्रतीक्षालय बनाने की योजना है, जो अब अनिश्चितता के भंवर में फंस गई है।

मोबाइल पर बातचीत के दौरान हाईवे मैनेजर नवीन कुमार ने आश्वासन दिया कि सोमवार को टीम मौके पर पहुंचकर जगह का अंतिम निर्धारण कर देगी, जिससे कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ सके।



### एक करोड़ 11 लाख से बनना है नाला

ठेकेदार राघव त्रिपाठी ने बताया कि 1.4 किलोमीटर लंबे इस नाले का निर्माण एक करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से हो रहा है, जो निर्धारित तीन माह में पूरा होना प्रस्तावित था। निर्माण रुकने से न केवल समय और धन की बर्बादी हो रही है, बल्कि मानसून से पहले जल निकासी की समस्या और गंभीर हो सकती है।

# समधन चेयरमैन आसमा बेगम ने कॉलोनियों का किया निरीक्षण

▸ **दारा सराय में रास्ता और शौचालयों की कमी पर जताई चिंता**

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम ने शनिवार को मुहल्ला दारा सराय और आजाद नगर स्थित कॉलोनियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दारा सराय कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं की कमी पाई, जबकि आजाद नगर कॉलोनी में व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली।

दारा सराय कॉलोनी में निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने पाया कि वहां आने-जाने के लिए उचित रास्ता नहीं है। जिससे निवासियों को परेशानी होती है। इसके अतिरिक्त साफ- सफाई व्यवस्था और सौचालयो की कमी पर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की। उधर आज़ाद नगर कॉलोनी में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान आसमा बेगम ने सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नगर में साफ सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने चेतावनी दी कि यदि लापरवाही पाई गई तो संबंधित कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी अध्यक्ष ने यह भी कहा कि जिन लोगों के नाम कॉलोनी आवंटित है, वही लोग वहां रहे।

इस अवसर पर विवेक कुमार गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव,बकार हुसैन, हनीफ, सकीम हुसैन, मुजम्मिल हुसैन, सभासद प्रतिनिधि यईयया, इदरीस, इरफान खां के अलावा सफाई नायक नरेश चन्द्र, सुनील कुमार, बब्लू आदि मौजूद रहे।



# फरसा मारकर किया घायल



**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

थाना नदीगांव के ग्राम गिद्वासा निवासी महेंद्र सिंह वर्मा पुत्र राम शंकर ने कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि घटना आठ नवंबर 2025 की है।

जब मैं अपने भतीजे रोहित वर्मा पुत्र सुरेश वर्मा निवासी ग्राम कुंअरपुरा के साथ ग्राम पचीपुरा से करीब 11 बजे मोटर साइकिल से जा रहा था और जैसे ही सूरज ज्ञान महाविद्यालय के पास पहुंचा तभी ग्राम कुंअरपुरा निवासी सोनू जाटव पुत्र वाल किशुन मोटर साइकिल से आया और अकारण हाँथ में लिए फरसे से रोहित के सिर में कईबार बार करके गम्भीर रूप से गायल कर दिया महेंद्र सिंह ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# जिलाधिकारी के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कई चिकित्सक

▸ **एक दिन का वेतन काटने के साथ कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शनिवार सुबह 8:30 बजे जिला चिकित्सालय पुरुष का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, क्षय रोग अनुभाग, रेडियोलॉजी, ऑर्थो वार्ड, महिला मेडिकल वार्ड, आयुष्मान वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र तथा पैथोलॉजी का स्थलीय जायजा लेकर व्यवस्थाओं की गहन निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने पाया कि हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. दीपक आर्या, परामर्शदात्री डा. गरिमा तिवारी, डा. स्वाति श्रीवास्तव, डा. गोपाल कृष्ण सोनी, चेस्ट फिजिशियन डा. शिवेश वर्मा, जनरल सर्जन डा. केपी सिंह एवं डा. आदिल अंसारी ओपीडी में अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि सभी अनुपस्थित चिकित्सकों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आयुष विंग के दो कक्ष बंद मिले। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऐसे स्थानों पर स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाया जाए, जिससे मरीजों को चिकित्सक तक पहुंचने में असुविधा न हो। वहीं, रोग नियंत्रण केंद्र के कर्मचारी निर्धारित यूनिफॉर्म में नहीं पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिया कि सभी कर्मचारी व चिकित्सक निर्धारित यूनिफॉर्म में ही कार्य करें। उन्होंने निर्देशित किया कि डिजिटल एक्स-रे कक्ष के बाहर टेक्नीशियन का नाम एवं एक्स-रे किए जाने वाले दिवस स्पष्ट रूप से अंकित किए जाएं। महिला मेडिकल वार्ड में सभी बेड खाली मिले, जबकि स्टाफ नर्स ने बताया कि चार मरीज भर्ती थे परंतु रात में घर चले गए। इस पर जिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए कहा कि भर्ती मरीजों का रात में अस्पताल छोड़कर जाना नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया कि इस संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर जिम्मेदारी तय की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि स्वच्छता, अनुशासन और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आनंद उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



# डीएपी खाद की किल्लत से किसान परेशान सरकारी समितियों पर नहीं है खाद

**कुठौंद जालौन समृद्धि न्यूज।**

कुठौंद विकासखंड में किसान डीएपी खाद की कमी से जूझ रहे हैं। सरकार द्वारा उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता के दावों के बावजूद, सहकारी समितियों पर किसानों की भीड़ बढ़ रही है, लेकिन उन्हें डीएपी नहीं मिल पा रही है। इससे रबी की फसल की बुवाई बाधित हो रही है। कुठौंद विकासखंड की साधन सहकारी समिति कुठौंद और भदेख नैनापुर सहित अन्य स्थानों पर किसान लंबी कतारों में खड़े हैं। हालांकि, उन्हें डीएपी जैसे महत्वपूर्ण उर्वरक उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। यह स्थिति ऐसे समय में बनी है। जब कृषि विभाग डीएपी और एनपीए जैसे उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध होने का दावा कर रहा है।पिछले सप्ताह आए चक्रवाती तूफान श्मौथाश् के कारण बाजरा व धान की फसल को भारी नुकसान हुआ था। तेज बारिश के चलते पकी हुई और कटी हुई दोनों तरह की धान बाजरा की फसलें सड़ गई या पानी में डूब गई।अब किसान रबी की फसल बोने की तैयारी में हैं। लेकिन डीएपी खाद न मिलने से बुवाई में देरी हो रही है। क्षेत्रीय किसान राम सिंह, रामकरण, राजाराम, शशि कांत बाजपेई और रोहित का कहना है कि धान व बाजरा की फसल पहले ही बर्बाद हो चुकी है और यदि अब रबी की बुवाई के लिए खाद नहीं मिली, तो यह भी फसल लेट हो जाएगी।

## एसडीएम ने राजकीय हाईस्कूल जमरोही खुर्द का किया निरीक्षण

**कोंच(जालौन)।** उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने जमरोही खुर्द स्थित राजकीय हाई स्कूल में अलंकार योजना के अंतर्गत मल्टी पर्पज हाल का निरीक्षण करते हुए बताया कि हाल का फर्स जगह जगह क्रैक है जिसमें धुलाई के समय जल भराव हो जाता है और दरबाजे की मुटाई बढाने के लिए गत्ते के बोर्ड के उपयोग के कारण दरवाजा बरसात का पानी पढ़ने से फूल गए हैं। जिसके कारण दरबाजों की कुंडी एवं चटकनी नहीं लग पातीं है और लैट्रिन बाथरूम के दरवाजे पूर्ण रूप से नहीं खुल पाते हैं। वहीं लैट्रिन टैंक के पाइपों के ऊपर मिट्टी नहीं डाली गई है जिससे पाइप कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं वहीं वर्षाती पानी निकासी पाइप में क्लेम्प न लगाएं जाने के कारण पाइप अपने आप निकला हुआ है और वाटर टैंक के पाइप में गेटवाल नहीं लगाया गया है।

# समाधान दिवस में पांच प्रस्तुत मामलों में दो मौके पर निपटे

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित थाना दिवस में 5 मामले प्रस्तुत किये गये जिसमें 2 प्रकरणों को मौके पर निस्तारित कर दिया गया। अन्य मामलों को निपटने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। कोतवाली के सभागार में वरिष्ठ उप निरीक्षक उदय प्रताप सिंह की मौजूदगी में आयोजित थाना दिवस में कहा कि राजस्व संम्बंधित मामलों को मौके पर पहुंच कर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए।सुबह 10 बजे शुरू हुए थाना समाधान दिवस समाधान दिवस में छाया देवी निवासी ग्राम खैरई ने प्रार्थना पत्र दिया के प्रार्थी के खेतों में लगे पत्थर की उखाड़ कर विपक्षियों के द्वारा कब्जा किया जा रहा है, राम जी निवासी ग्राम काशीपुर में भूमि विवाद को लेकर के विपक्षियों के खिलाफ शिकायती पर दिया है, राजाराम निवासी ग्राम रायड़ विपक्षियों के द्वारा प्रार्थी की भूमि अवैध कब्जा करने की शिकायत की है उमेश कुशवाहा निवासी ग्राम सरगांव ने विपक्षियों के द्वारा रास्ते में भैंस बांधने की शिकायत करते हुए रोकने की मांग की है राकेश सिंह निवासी शाहजहांपुर के द्वारा अवगत कराया गया कि प्रार्थी के दरवाजे के सामने विपक्षियों के द्वारा गोबर डालकर परेशान किया जा रहा है जिस पर रोक लगाई जाए।कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि 5 फरियादियों के द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई। मामलों का निस्तारण करने के लिए राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर ओमकार सिंह , प्रिया सिंह चौहान, लेखपाल जितेंद्र कुमार , राघवेंद्र निरंजन, विभा, आकाश, रवि कुमार ,निरेंद्र वर्मा, राजेंद्र सिंह,प्रशांत गौतम,,सब इंस्पेक्टर पुत्तूलाल तथा विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।



## मारपीट कर घर से भगाने का लगाया आरोप

**कोंच,जालौन।** कोतवाली के मोहल्ला पटेल नगर ब्लॉक कॉलोनी के पास निवासिनी सायरा बानो पत्नी जाहिर ने दिन शनिवार को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मैं मेहनत मजदूरी करके अपना घर परिवार चलाती हूं और उसी से अपना मकान कॉलोनी में बनवाया था लेकिन मेरे ससुराली लोग जेठ शहीद पुत्र वहीद जाकिर आबिर शाहिद पुत्रगण वहीद सोहेल पुत्र शहीद व जिठानी अफसाना पत्नी शहीद मुझे मकान में रहने नहीं देते हैं और मेरे मकान में तोड़फोड़ करते हुए गेट तोड़ दिया और गाली गलौच कर घर से भगा दिया और मैं किराए के मकान में रह रही हूं सायरा बानो ने पुलिस से उक्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी जनता की समस्याएं

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जनता की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के उद्देश्य से थाना कोतवाली जालौन में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने उपस्थित फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कई प्रकरणों का निस्तारण तुरंत मौके पर ही कराया, जबकि शेष शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में समाधान के लिए संबंधित विभागों को सौंपा गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर थाने और तहसील स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को जिला मुख्यालय या अन्य कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस शासन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है।


**कार्यालय ग्रा0पं0 कंचनपुर सबलपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/15वां वित्त/राज्य वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 08/11/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2025-26 अन्तर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर सबलपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 09/11/2025 से दिनांक 15/11/2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 15/11/2025 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | दिनेश के घर से बीरेश के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 15वां वित्त/ राज्य वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.03 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | जगनरेश के घर से आदित्य के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 15वां वित्त/ राज्य वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4.14 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | रामसरन के घर से गुड्डू के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 15वां वित्त/ राज्य वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.89 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | सुनील के घर से अनिल के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 15वां वित्त/ राज्य वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.15 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | सोवरन के घर से जगन्नाथ के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 15वां वित्त/ राज्य वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.16 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान-ब्रजपाल सिंह ग्रा0पं0 कंचनपुर सबलपुर, वि0ख0 राजेपुर** **सचिव- अजय सिंह**

# सिखों के आदि गुरु गुरुनानक देव जी 556 वें जन्म दिवस पर निकली भव्य शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सिक्ख धर्म के आदिगुरु गुरुनानक के 556वें जन्मदिवस नानक जयंती को बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया गया। गुरुद्वारा फतेहगढ़ से सजी हुई पालकी में गुरुग्रन्थ साहिब के नगर कीर्तन शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सिखलाइट इन्फेन्ट्री के बैण्ड ने देहि शिवा वर मोहे इहै, शुभ कर्मन ते कबहूँ न टरौं, धुन बजाकर स्वागत किया। जुलूस में शामिल महिलाओं ने धन-धन गुरुनानक प्रगट्या मिट्टी धुंध जग चानन होया, गाकर समा बांध दिया। तेग बहादुर स्कूल के बच्चों ने हाथ में बैनर लेकर जुलूस का नेतृत्व किया। शोभायात्रा में शामिल युवाओं ने सड़क को झाड़ू सेवा से साफ कर

- कई प्रतिष्ठानों पर व्यापारियों, समाजसेवियों ने शोभायात्रा का किया स्वागत
- अंत में सभी को बरताया गया लंगर, पुलिस ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था



शोभायात्रा में आगे चल रहे पंच प्यारे



हैरतअंगेज करतब दिखाती गतका पार्टी

पानी व फूल का छिड़काव कर सुगंधित कर दिया। गुरुनानक साहिब की पालकी के आगे सेवा टहल करते चले। कानपुर से आई दशमेश गतका पार्टी के करतबाजों ने रविंद्र सिंह की निगरानी में अचंभित कर देने वाले गतका के खेल दिखाएं। कैप्टन बलविंदर सिंह के नेतृत्व में आरपी डिग्री कॉलेज के एनसीसी कैडेट ने पद संचलन किया बड़ी संख्या में सिख संगत शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। फतेहगढ़ में जगह-जगह शोभायात्रा की आगवानी की गयी व प्रसाद वितरण हुआ। शोभायात्रा का गोपाल फंक्शन पैलेस, व्यापार मंडल फतेहगढ़, भारत विकास परिषद, बजरंग मिष्ठान भंडार भोलेपुर, प्रयाग नारायण हॉस्पिटल पर डॉ. अरविन्द गुप्ता ने फूल-मालाओं से शोभायात्रा का स्वागत किया। फर्रुखाबाद में कुदरतघाम रेकी में सरदार कुलप्रीत सिंह, बॉबी रेखी तथा नेहरु रोड पर अग्रवाल तथा वर्मा परिवार, कन्हैया लाल ने स्वागत किया। व्यापारी नेता संजय गर्ग व निमिष टंडन ने अपने-अपने प्रतिष्ठान के बाहर पांच प्यारों का माल्यार्पण कर आरती उतार कर भव्य स्वागत किया। साथ में सिख समाज का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में श्याम गर्ग, विनय अग्रवाल, हरिओम शाक्य, विनोद बबिता पाठक, प्रीति तिवारी आदि उपस्थित रहे। सरदार सूर्य प्रताप सिंह के नेतृत्व में फतेहगढ़ के सतनाम सिंह, दीप सिंह, हनी सिंह, ओंकार सिंह, अमरीक अरोड़ा, सचदेवा परिवार व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ गुरुद्वारा फर्रुखाबाद पहुंचने पर सरदार हरजिंदर सिंह व ज्ञानी मंगल सिंह ने शोभायात्रा का स्वागत किया। वाहे गुरुजी का खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह, बोले सो निहाल, सतश्री अकाल के जयघोष के साथ यात्रा सम्पन्न हुई। अंत में सभी को लंगर बरताया गया।

### महिला को घर में अकेला देख जेठ के पुत्र ने की छेड़छाड़, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पति के बाहर नौकरी करने जाने पर कलयुगी भतीजे ने अपनी चाची के साथ अकेले घर में मौका पाकर छेड़छाड़ की। महिला ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव फतनपुर निवासी महिला ने दी तहरीर में थाना पुलिस को बताया कि उसका पति बीते दिनों दिल्ली नौकरी करने चला गया है, तभी से उसके घर के पड़ोस में रह रहे जेठ का पुत्र रंजीत कुमार पुत्र अनिल कुमार उससे अश्लील हरकतें करता रहता है और बुरी नजर रखता है। पीड़िता के बताए अनुसार उसके साथ कई बार अश्लील हरकतें कर चुका है। वहीं आज मौका पाकर मुझे घर में अकेला देख घुस आया और मुझे दबोच लिया तथा अश्लील हरकतें करने लगा। जब महिला चीखी चिल्लाई तो आरोपी मौके से भाग गया। तब महिला बचकर थाने आई और थाना पुलिस को आपबीती बतायी तथा लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## बालिका से दुष्कर्म करने वाला आरोपी चचेरा भाई गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी चचेरे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पीड़ित बालिका के पिता द्वारा बटाई पर खेत लेकर बोयी गयी गन्ने की फसल को देखने गयी थी। इसी दौरान बालिका के साथ गांव के आरोपी चचेरे भाई रीनेश यादव पुत्र जसवीर यादव उर्फ पप्पू ने बालिका के साथ दुष्कर्म किया था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजनों ने बालिका को सीएचसी में भर्ती कराया था। वहां पर उसकी नाजुक हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे हैलट कानपुर भेज दिया था। जहां उसका उपचार चल रहा है। एसपी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी गयी थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शुक्रवार देर रात करीब साढ़े दस बजे आरोपी रीनेश यादव पुत्र जसवीर यादव उर्फ पप्पू निवासी भुकसी कायमगंज को महादेवपुर चौराहा के पास से उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह भागने की फिराक में था।

आरोपी का मेडिकल परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में कराया गया। कोतवाली प्रभारी मोहम्मद कामिल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे रात में ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

### पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



शिविर के दौरान मौजूद एएसपी व अन्य पुलिसकर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस लाइन फतेहगढ़ स्थित अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। उक्त शिविर का आयोजन डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला चिकित्सालय के सौजन्य से किया गया। रक्तदान शिविर में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला थाना प्रभारी और उनकी टीम एवं रिक्रूट आरक्षियों सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा कि आपका रक्त किसी की जान बचा सकता है। रक्तदान से शरीर में कोई दिक्कत नहीं होती है। इसलिए सभी को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि शरीर में निकलने वाले रक्त की पूर्ति शरीर बहुत जल्दी कर लेता है।

## ससुरालीजनों के जहर देने से महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ससुरालीजनों द्वारा जहर दिये जाने से महिला की हालत बिगड़ गयी। मायके वालों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हजरतपुर निवासी ओम प्रकाश की 25 वर्षीय पुत्री मालती का विवाह थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव कांधेमई निवासी अंकित पुत्र लटूरी सिंह से 4 वर्ष पूर्व हुआ था। मालती देवी की मां ईश्वरी देवी ने बताया की काफी लंबे समय से पति पत्नी में विवाद चल रहा था। उसका पति शराब पीने का आदी था और मारपीट करता था। तीन दिन पूर्व हम लोग उसके गांव गए और उसे बुलाकर अपने घर ले आए। बताया गया कि तीन दिन पूर्व महिला को ससुराल में ही पति द्वारा जहर दे दिया गया था। उसकी हालत खराब थी। उसे कहीं दिखाया नहीं गया था। परिजनों द्वारा बताया गया कि जब हम लोग ससुराल पहुंचे तब उसे लेकर अपने घर आए और डॉक्टर के यहां लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर चिकित्सक अमरेश कुमार ने बताया की महिला की हालत नाजुक थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, जबकि उसे रेफर किया गया था। इसी दौरान उसने दम तोड़ दिया।



रोते बिलखते मृतका के परिजन

मृतक महिला के पिता ओम प्रकाश का कहना था की 5 दिन पूर्व उसकी बेटी को ससुराल वालों ने जहर दिया था। 3 दिन पूर्व जब इस बात की जानकारी हुई। तब हम लोग उसके गांव गए और उसे बुला लाये। इसके बाद प्राइवेट अस्पताल में उसको दिखाया। आज सुबह उसकी हालत गंभीर हो गई। तब उसे सरकारी अस्पताल लाए। जहां उसकी मौत हो गयी। मृतक महिला का 2 साल का बेटा आर्यांश है। घटना की सूचना अस्पताल प्रशासन द्वारा मोमो के माध्यम से कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई है।

## खबरें एक नजर में

### सीओ व कोतवाली प्रभारी ने सुनीं शिकायतें




शिकायतें सुनते सीओ व कोतवाली प्रभारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी ने की। जिसमें दूरदराज से आए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद कामिल खॉ ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही बतरने वालों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

### जेई ने स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं को किया जागरुक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जूनियर इंजीनियर ने स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं के अंदर व्याप्त भ्रांतियों को लेकर जागरुक किया। कस्बा नवाबगंज स्थित फर्रुखाबाद रोड पर बने 3311 केवी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात जूनियर इंजीनियर अब्दुल मजीद ने उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट मीटर को लेकर बनी असमंजस की स्थिति को जागरूक कर दूर किया। जूनियर इंजीनियर ने स्मार्ट मीटर की समस्या का हल बताया। जिसमें उन्होंने बताया कि गलत बिजली बिल से छुटकारा मिलेगा, हर माह रीडिंग कम ज्यादा होने से छुटकारा मिलेगा। बिजली बिल पर लगने वाले ब्याज से छुटकारा मिलेगा। किराएदार तथा मकान मालिक के बीच बिजली बिल को लेकर विवाद से भी छुटकारा मिलेगा। उपभोक्ताओं पर भारी बकाया होने से छुटकारा मिलेगा, जैसी कई समस्याओं के बारे में उपभोक्ताओं को जागरुक किया। जूनियर इंजीनियर ने बताया कि उपभोक्ता निर्भीक होकर स्मार्ट मीटर लगवाएं, कोई भी समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

### अवैध खनन कर रही ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने लिया कब्जे में



थाने में खड़ा मिट्टी से भरा ट्रैक्टर ट्राली

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मिट्टी खनन कर रहे ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने लाकर खड़ा कराया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के फर्रुखाबाद रोड पर एक गांव के निकट हल्का के दरोगा हेमंत कुमार को सूचना मिली की क्षेत्र में अवैध तरीके से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। सूचना पाकर हल्का इंचार्ज दरोगा हेमंत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध तरीके से मिट्टी भर रहे ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया तथा ट्रैक्टर को थाने लाया गया। खबर लिखे जाने तक थाना पुलिस ने लिखा पढ़ी में कोई कार्रवाई नहीं की थी।

### नगर पंचायत ने हटवाया कब्रिस्तान की भूमि से अवैध कब्जा



अवैध अतिक्रमण हटाती जेसीबी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला सिकंदरपुर में स्थित बंजर भूमि और कब्रिस्तान की भूमि पर भट्ठा मालिक फूल मियां द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का मामला सामने आया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्रशासन से की। जिसके बाद राजस्व विभाग की टीम और नगर पंचायत के अधिकारी मौके पर पहुंचे। राजस्व टीम के लेखपाल रजत कुमार ने भट्ठा मालिक द्वारा कब्जाई भूमि की नापजोख और सीमांकन (चिन्हांकन) किया। जांच के दौरान कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध निर्माण और मिट्टी डालने का कार्य किया गया था। शनिवार को नगर पंचायत की टीम की मौजूदगी में अतिक्रमण हटवाया गया। लेखपाल रजत कुमार ने बताया फूल मियां के भट्टे के पास बंजर और कब्रिस्तान की जमीन थी। जिस पर मिट्टी डालकर भट्ठा मालिक फूल मियां द्वारा अतिक्रमण किया गया था। जो नाप जोख में हटवाया गया। नगर पंचायत के ई0ओ0 अवनीश कुमार ने बताया भट्टे के पास भट्ठा मालिक द्वारा कुछ अतिक्रमण कर लिया गया था उसको आज टीम ने हटवा दिया।

## ट्रेनी आईएएस अधिकारियों के निरीक्षण से चकरघिन्नी बने अधिकारी

- चयनित ग्राम पंचायत का दौरा कर व्यवस्थायें सुधारने में जुटे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ट्रेनी आईएएस अधिकारियों के निरीक्षण की सूचना से जिले के अधिकारी चक्करघिन्नी बने हुए हैं। शायद इसीलिए तीन दिन से नामित ग्राम पंचायत का अधिकारी निरीक्षण कर कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिलखाना में शासन के आदेश पर ट्रेनी आईएएस अधिकारियों के निरीक्षण की सूचना पर जिले के अधिकारी चक्कघिन्नी बने हुये हैं। बीते 3 दिन से विकास खंड अधिकारी सहित जिले के उच्च अधिकारी निरीक्षण में नामित ग्राम पंचायत की लगातार व्यवस्थाएं सुधारने में लगे हैं। बीते दो दिन पूर्व जिले के डीडीओ, पीडी तथा डीपीआरओ विकास खंड अधिकारी के साथ निरीक्षण करने पहुंचे थे और संबंधित कर्मचारियों को व्यवस्थाएं सुधारने के लिए निर्देशित करते हुए गए थे। वहीं बीते दिन जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा डीएसओ भी गांव पहुंचे थे और संबंधित विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए व्यवस्थाएं सुधारने की बात कह कर चले गए थे। वहीं आज मुख्य विकास अधिकारी पहुंचे और वहां पहले से मौजूद विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह तथा नियोजन विभाग से इंदल बाबू, स्वास्थ्य विभाग सहित विकास खंड के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



कर्मचारियों के साथ बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी

## युवक ने पीया कीटनाशक, हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। हालत गंभीर होने पर उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश राज्य के ऊंचाहार राज निवासी विष्णु धीमर का 18 वर्षीय पुत्र दीपक धीमर बीते लगभग 11 वर्षो से अपनी मौसी लाली पत्नी छोटे निवासी माँझगाँव थाना कम्पिल के यहॉ रहकर गोल गप्पे बेचने का काम करता है। शनिवार को उसने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर मौसी व मौसा ने उसे कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उसका उपचार जारी है। वहीं साथ आये लोगों की चर्चा के अनुसर दीपक का किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। आज प्रेमिका ने उससे फोन पर बात करने से मना कर दिया। जिससे क्षुब्ध होकर दीपक ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विपिन ने युवक को प्राथमिक उपचार दिया। हालांकि उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ. विपिन ने उसे बेहतर इलाज के लिए लोहिया रेफर कर दिया।



अस्पताल में भर्ती गोलगप्पा विक्रेता

## नव निर्मित प्लाट से तसला व फावड़ा आदि सामान चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नव निर्मित प्लाट से चोरों ने फावड़ा, तसला आदि सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने थाना कादरीगेट पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार दी गयी तहरीर में सतेंद्र सक्सेना पुत्र स्व0 गंगासरन सक्सेना ने थाना कादरीगेट पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह सुभाष नगर का निवासी है। प्रार्थी की मां के नाम अल्लानगर बढ़पुर में एक प्लाट है। जिस पर माफिया अनुराग दुबे डब्बन व अमित दुबे उर्फ बब्बन, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, प्रवीन कटियार आदि ने कब्जा कर लिया था। प्रार्थी की मां ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जिस पर प्रार्थी की मां को कब्जा मिल गया था। वर्तमान में प्रार्थी का उपरोक्त प्लाट पर कब्जा है। प्लाट की बाउंड्रीबाल में जेसीबी लग जाने से बाउंड्रीबाल क्षतिग्रस्त हो गयी थी। जिसकी मरम्मत का कार्य चल रहा था। जिसके लिए प्लाट के अंदर 6 तसला व फावड़ा आदि रखे थे। जब शनिवार को प्रार्थी प्लाट पर गया, तो उपरोक्त सामान चोरी हो गया था। जिसकी लिखित तहरीर थाना कादरीगेट पुलिस को दी। बताते चलें कि माफिया के गुर्गे प्लाट के पास ही रहते हैं। प्रार्थी को पूरा अंदेशा कि उपरोक्त सामान इन्हीं लोगों द्वारा गायब किया गया है।

### बाइक क्षतिग्रस्त करने से मना करने पर पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव बराबिकू निवासी सोनू कठेरिया उम्र 20 वर्षीय पुत्र रंजीत कठेरिया ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसके छोटे मामा अर्जुन के बेटे आर्थन के जन्मदिन पर उनके दरवाजे पर बाइक खड़ी करके जन्मदिन में शामिल होने गया था। जब उसने बाहर निकलकर अपनी बाइक देखी, तो उसके पास बड़े मामा का बेटा करन वहाँ खड़ा था और मेरी बाइक का इन्टीगेटर तोड़ रहा था। जब हमने उसे इन्टीगेटर तोड़ने से मना किया, तो उसने हाथ में पहने पंच से हमारे मुंह पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सोनू का मेडीकल परीक्षण करवाया।

## सीओ व थानाध्यक्ष ने स्कूली छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरुक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी तथा थाना प्रभारी निरीक्षक ने छात्राओं को जागरूक किया।

कस्बा नवाबगंज के बाईपास स्थित एक विद्यालय में सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना मिशन शक्ति फेस 5 के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी ने थाना पुलिस के साथ पहुंचकर छात्रों को सरकार की योजनाओं के तहत जागरूक किया। जिसमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090 महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य कई नंबरों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। बताया कि सरकारी नंबरों का प्रयोग करें, थाना पुलिस सदैव आपके साथ खड़ी रहेगी और किसी भी महिला तथा छात्र को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। जागरूक होकर, निडर और निर्भीक होकर शिक्षा ग्रहण करें। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय कुमार वर्मा, कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह, दरोगा गिरीश चंद्र, इंस्पेक्टर क्राइम संजय राय, शिक्षक अरविंद कुमार तथा विद्यालय स्टाफ तथा समस्त छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



जागरुकता पम्पलेट के साथ सीओ, थानाध्यक्ष व छात्रायें आदि

## थाना दिवस से मायूस लौटे फरियादी एक भी समस्या का समाधान नहीं



थाना समाधान दिवस में मौजूद फरियादी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना समाधान दिवस में एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने जनता की समस्यायें सुनीं। कस्बा नवाबगंज के थाना प्रांगण में शनिवार को शासनादेश के द्वारा चलाए जा रहे थाना समाधान दिवस के मौके पर क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा, एसडीएम न्यायिक गजराज सिंह तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे ने राजस्व कर्मियों के साथ जनता की समस्याएं सुनीं। जिसमें सबसे ज्यादा जमीन से संबंधित शिकायतें आयीं, लेकिन किसी का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। बताते चलें कि थाना समाधान दिवस से लोगों का मोहभंग होता जा रहा है। इसी का नतीजा है कि अधिकांश कुर्सियां आज खाली रहीं। फरियादियों की संख्या न के बराबर रही। इस मौके पर एसडीएम न्यायि गजराज सिंह, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय कुमार वर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह, दरोगा हेमंत सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम संजय राय, राजस्व विभाग से लेखपाल नरेश चंद्र, सौरभ कुमार तथा राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।

## बाबू सिंह यादव दद्दू के उत्तम स्वास्थ्य के लिए किया गया यज्ञ



यज्ञ में आहूतियां देते राजपाल यादव एडवोकेट व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोहिया वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह यादव एडवोकेट के आवास पर परम श्रद्धेय बाबू सिंह यादव दद्दू के स्वास्थ्य की कामना के लिए यज्ञ किया गया। यज्ञ को डॉक्टर हरिनंदन सिंह आर्य, मनदीप यादव एडवोकेट, विनय कुमार यादव एडवोकेट, नागेंद्र यादव, अत्यंत पाल, नितेश जोशी, गोपाल यादव एडवोकेट, प्रधान शिवम यादव, जिला अध्यक्ष युवजन सभा प्रधान अतुल यादव, अमीर सिंह यादव, संजय कुमार शाक्य, अभय कुमार यादव, अंशुल यादव, नागेंद्र यादव सहित तमाम साथियों ने मिलकर दद्दू के स्वस्थ होने की कामना के लिए यज्ञ में आहुतियां दीं।

### अज्ञात बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव भौरुआ निवासी वीरेंद्र उम्र 30 वर्षीय पुत्र यदुनाथ यादव अपने दोस्त दुष्यन्त को साईकिल द्वारा छोड़ने उनके गाँव ललई थाना कायमगंज आपा था। दुष्यन्त को उसके घर छोड़कर वापस अपने घर के लिए लौट रहा था।

गॉव ललई से निकलते ही कुछ ही दूरी पर पहुंचते ही अज्ञात बाइक चालक ने उसकी साईकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे साईकिल सवार वीरेन्द्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

# कैबिनेट मंत्री ने वंदे भारत ट्रेन को किया रवाना

- बहुत सारी ट्रेनों में वंदे भारत विंध्याचल स्टेशन के लिए स्वर्णिम उपलब्धि : आशीष पटेल



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बनारस खजुराहो वंदे भारत का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान विंध्याचल में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल ने बनारस खजुराहो वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर विंध्याचल से रवाना किया।

इस अवसर कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल ने कहा कि पहली बार पूरे देश उन कोनों को जोड़ने का काम आपस में हो रहा है जो अछूते थे जिनमे ज्यादा समय लगता था इस वंदे भारत एक्सप्रेस ने उस समय को घटकर कहीं कहीं आधा तो कहीं 60 प्रतिशत कर दिया है।

उन्होंने कहा कि बड़े गौरव का विषय है कि वंदे भारत एक्सप्रेस मिर्जापुर मंडल के विंध्याचल स्टेशन को मिलने जा रही है और इसके अतिरिक्त एक और वंदे भारत का प्रस्ताव दिया गया है जो शीघ्र ही फलीभूत होगा। उन्होंने कहा कि बहुत सारी ट्रेनों में वंदे भारत विंध्याचल स्टेशन के लिए स्वर्णिम उपलब्धि है मां विंध्यवासिनी की नगरी और इस नगरी को काशी विश्वनाथ से चित्रकूट और खजुराहो से जोड़ने का रेल का एक महत्वपूर्ण कदम है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री व रेलमंत्री को उसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से काफी लोगों ने यात्रा की होगी और काफी लोगों को अवसर नहीं मिला होगा किंतु यह वंदेभारत वाराणसी, विंध्याचल, प्रयागराज, चित्रकूट, बांदा, महोबा होते हुए खजुराहो तक तक जाएगी जो इस बुंदेलखंड के पिछड़े क्षेत्र को इस विंध्यवासिनी की नगरी से बाबा विश्वनाथ की नगरी से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जनपद मिर्जापुर से दीनदयाल उपाध्याय मुगलसराय से लखनऊ जाती थी जो आजकल प्रयागराज से ही टर्बिनेट हो जा रही है उसके लिए भी डीआरएम रेलवे मेरे द्वारा स्वयं वार्ता की गई कि जो प्रारंभ हो जाएगी तो जनपद के लोगों के लिए ही नहीं अपितु मिर्जापुर से चुनार और उन स्टेशनों के लिए लखनऊ आने-जाने के लिए एक अच्छी ट्रेन पुनः हो जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विशेष रूप से मिर्जापुर में एक बड़ी उपलब्धि मिली थी उस समय जब संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस का मिर्जापुर में ठहराव हुआ था जो सीधे मुगलसराय से प्रारम्भ होकर कानपुर जाती थी लेकिन उसको मिर्जापुर मुख्यालय में तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने स्टापेज दिया था और मिर्जापुर से दिल्ली जाने के लिए एक बहुत बेहतरीन ट्रेन हो गई इसी प्रकार और ट्रेनों के स्टापेज की वार्ता चल रही है और उन ट्रेनों के रुकने से जनपद वासियों को एक और बड़ी सौगात मिलेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने विन्ध्य विद्यापीठ के छात्रो द्वारा विकसित विंध्याचल और आत्मनिर्भर भारत की थीम पर निबंध एवं चित्रकला मे प्रतिभाग करने वाले विजय प्रतियोगियो में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

## राजा भैया पहुंचे मां विंध्यवासिनी के दरबार



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रतापगढ़ के कुंडा विधायक और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रमुख रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया शनिवार को मां विंध्यवासिनी के दरबार विंध्याचल पहुंचे।

उन्होंने मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन कर मां विंध्यवासिनी से प्रदेश की शांति, समृद्धि और जनता के कल्याण की कामना की। राजा भैया के आगमन पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उनके साथ फोटो खिंचवाई और आशीर्वाद लिया।

दर्शन के बाद उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की और मां विंध्यवासिनी धाम के विकास कार्यों की सराहना की। सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए गए थे।

## खबरें एक नजर में

### जनप्रतिनिधिगण ने नव दम्पतियों को आशीर्वाद प्रदान कर की मंगलमय जीवन की कामना




**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) जवाहर नवोदय विद्यालय (खेल का मैदान) पटेहरा कला, मिर्जापुर में आयोजित किया गया, जिसमें जनपद के विकास खण्ड-पटेहरा कलां एवं राजगढ़ मिर्जापुर के अनुसूचित जाति के 68, अन्य पिछड़ावर्ग के 21 सामान्य वर्ग 01 अर्थात कुल 90 जोड़ों का सामूहिक विवाह सकुषल सम्पन्न कराया गया। सभी नव-वैवाहिक जोड़ों को उनके सुखद एवं सुखमय जीवन की कामना की, साथ ही प्रत्येक वर-वूध को उपहार हेतु दी जाने वाली सामग्रियों को एवं प्रमाण-पत्र वितरित किया। उन्होनें अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेष सरकार आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के उत्थान एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं सरकार द्वारा आर्थिक रूप से गरीब परिवारों, बेसहरा व्यक्तियों के बहुत सी कल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत ऐसे माता-पिता जो आर्थिक रूप से अपनी पुत्री की शादी करने में सक्षम नहीं है, वह सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर अपनी पुत्रियों की शादी करा पा रहे है।

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते 14 पदक



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जिले के 32 खिलाड़ियों ने लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 5 से 8 नवम्बर तक आयोजित हो रही है। महराजगंज डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के जिला सचिव अभिषेक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन फ्रेशर वर्ग में 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें वैष्णवी गुप्ता, अंशिका श्रीवास्तव, जान्हवी पटेल, श्रेया पाठक, रूकसाना, अन्मेश प्रताप सिंह, आदर्श कुमार और मोहम्मद अल्फ़ाज़ ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं सूर्या पाठक और रिया ने रजत पदक, जबकि अस्तित्व साहनी, अथर्व राय, अनुज विश्वकर्मा और राशिका सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता के अगले चरण में 7 और 8 नवम्बर को ऑफिसियल वर्ग के 18 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

### दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुशियरा उचका गांव निवासी विश्वनाथ ने शुक्रवार की शाम थाने में तहरीर देकर अपने दामाद व पुत्र के विरुद्ध मारपीट व गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल करने में जुट गई हैं दी गई में आरोप लगाया है की दामाद बाबूलाल व बेटा रामबली निवासी कुशियरा उचका बीते 6 नवंबर को 11 बजे दिन खेत जोतने से मना करने पर गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडे से मारने लगे जिससे चोटे आई है पत्नी चमेली व छोटा बेटा राम प्रताप छुड़ाने आए उन्हें भी चोट लग गई है। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर दामाद व पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर चिकित्सक द्वारा घायलों का उपचार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की युवक की तहरीर पर उसके दामाद व पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल किया जा रहा है।

## मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं को किया जागरूक विभिन्न हेल्पलाइन नम्बारों की दी जानकारी



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु प्राथमिक विद्यालय बडौही में शनिवार को मिशन शक्ति प्रभारी रमाशंकर व मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। टीम में मिशन शक्ति प्रभारी एसआई रमाशंकर महिला कांस्टेबल पूजा चौहान रही।

## गांव के कीचड़ भरे सड़क पर दबंग नहीं डालने दे रहे गिट्टी

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** दबंग गांव के कीचड़ भरे सड़क में नहीं डालने दे रहे गिट्टी दादी के देहांत के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने आ रहे लोगों के लिए कीचड़ भरे सड़क में डलवाना चाह रहा गिट्टी गांव के दबंग के कारण पीड़ित के घर आने वाले लोग कीचड़ वाले सड़क से पहुंचने को मजबूर है। पीड़ित हलिया थाना क्षेत्र के हरसड़ गांव निवासी ओमप्रकाश तिवारी ने हलिया थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर लगाया गुहार आईजीआरएस पर भी शिकायत करने के बाद नहीं की जा रही कोई कार्रवाई पीड़ित ने बताया कि दादी का देहांत हो गया है आने जाने वाले लोगों के साथ ही तरेहवीं कार्यक्रम में होगी परेशानी अपने पैसा से सड़क में गिट्टी डलवाना चाह रहे हैं इसके बावजूद भी दबंग नहीं डालने दे रहे हैं। हलिया ब्लाक के हरसड़ गांव का मामला बताया गया है।

## रास्ते को सुगम बनाने के लिए रेलवे अधिकारियों से की वार्ता

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज दिनांक 8 नवंबर 25 को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. माधवी शुक्ला के नेतृत्व में महाविद्यालय की प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने निरीक्षण किया, जिसमें पुलिया मार्ग बाधित था, जिसके कारण छात्र -छात्राओं को रेलवे ट्रैक को पार कर महाविद्यालय आते देखा गया। जिससे कभी भी अनहोनी की संभावना बनी हुई।

उक्त संदर्भ वहां पर कार्य कर रहे रेलवे इंजीनियर से छात्र -छात्राओं के आवागमन की दुरूह कठिनाइयों को दूर करने के लिए विस्तृत वार्ता करके हल निकालने का प्रयास किया गया। संबन्धित रेलवे इंजीनियर द्वारा यह आश्वासन दिया कि शीघ्र ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

इसी क्रम में महाविद्यालय में अनुशासन को बनाएं रखने के लिए प्राक्टोरियल बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। महाविद्यालय के मुख्य वक्ता डॉ. अवधेश सिंह यादव ने मीटिंग एजेंडा बताया जिसमें नियमित रूप से छात्र -छात्राओं को गणवेश एवं परिचय पत्र के साथ महाविद्यालय में न आने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसी क्रम में एमएससी फर्स्ट सेमेस्टर 2025 -26 जंतु विज्ञान के छात्र -छात्राओं का स्टूडेंट सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ0) माधवी शुक्ला ने अपने आशीर्वचन में सभी छात्र-छात्राओं को अनुशासित रहकर सेमिनार में प्रतिभाग करने की सलाह दिया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के अंदर आत्मविश्वास के साथ-साथ विषय वस्तु पर ज्ञान वृद्धि होती है। इस अवसर पर ठम्क-विभाग के प्रभारी डॉक्टर दीपक कुमार सिंह ने सेमिनार के महत्त्व को विस्तारपूर्वक बताया। सभी छात्र- छात्राओं की तरफ से विभाग प्रभारी डॉक्टर अवधेश सिंह यादव ने धन्यवाद तथा आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के समस्त सदस्य - डॉ. शेफालिका राय, डॉ. दीप, डॉ. अरुणेश, डॉ. नलिनी, डॉ. अमित, डॉ. दीपक, डॉ. अदिती, डॉ. मंजुला, धर्मचंद सहित सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत से मचा कोहराम

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**




### दुर्घटनाओं में हुआ इजाफा

जिले में पिछले कुछ महीनों में सड़क हादसों में लगातार इजाफा हुआ है। तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन चलाने जैसी लापरवाहियां हादसों की बड़ी वजह बन रही हैं। पुलिस विभाग अब ऐसे चालकों पर सख्त नजर रख रहा है और यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

बृजमनगंज थाना क्षेत्र में बीते शुक्रवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों को हमेशा के लिए उजाड़ दिया। नगर पंचायत बृजमनगंज के कलवारगढ़ के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने मोटरसाइकिल को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

टक्कर के बाद घटनास्थल का नजारा इतना भयावह था कि देखने वालों के रोंगटे खड़े हो गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि कार चालक और सवार मौके से फरार हो गए। हादसा बीते शुक्रवार को देर रात करीब 10 बजे का बताया जा रहा है। कोल्हुई थाना क्षेत्र के बन्हा सोनचिरैया गांव निवासी महेश पुत्र रामदास (28 वर्ष) और अजय पुत्र विश्वनाथ (26 वर्ष) किसी निजी कार्य से बृजमनगंज आए थे।

रात को वापस घर लौटते समय जैसे ही वे कालीनगर गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार चार पहिया गाड़ी ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क से दूर जा गिरे। स्थानीय लोगों ने बताया कि आवाज इतनी तेज थी कि आधा किलोमीटर दूर तक सुनाई दी।

टक्कर के बाद आस-पास के ग्रामीण मौके पर दौड़े। दोनों युवक खून से लथपथ थे और उनकी सांसें थम चुकी थीं। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थोड़ी ही देर में थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को सीएचसी बृजमनगंज भेजा, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में शामिल चार पहिया वाहन का एयरबैग खुल गया था, जिससे कार सवारों की जान बच गई। लेकिन इसके बाद वे मौके से फरार हो गए। कार हादसे के बाद सड़क किनारे बने गड्ढे में जा गिरी, जिसे पुलिस ने क्रेन की मदद से बाहर निकलवाया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मौके से बरामद वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मालिक और चालक की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्ट्या यह मामला तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का है। फरार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। दोनों युवकों की मौत की खबर जैसे ही उनके गांव बन्हा सोनचिरैया पहुंची परिजनों से कोहराम मच गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बृजमनगंज-कॉलीनगर मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार वाहन हादसे को दावत देते हैं। सड़क संकरी होने के बावजूद गाड़ियां बेतहाशा गति से दौड़ाई जाती हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि हादसों पर लगाम लगाई जा सके। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि यह हादसा बेहद दर्दनाक है। मृतकों के परिवार को सांत्वना दी गई है। फरार चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बृजमनगंज क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त और चेकिंग और बढ़ाई जाएगी ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## भंडारे में सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के गलरा गांव में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन के बाद शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तिओ के साथ साथ क्षेत्रीय लोगो ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया है। श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्राम प्रधान ममता मिश्रा व अरुण मिश्रा द्वारा आयोजित किया गया।

श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के कथा व्यास कुल गुरु पंडित प्रभानाथ मिश्र द्वारा किया गया। कथा समापन के बाद आयोजित भंडारे में क्षेत्रीय विधायक रिंकी कोल व समाजसेवी सुधीर सिंह, बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष ब्रह्मदिन पाण्डेय, पशु चिकित्सक कमलेश कुमार, ग्राम प्रधान हथेड़ा काशी प्रसाद मिश्रा, महुगढ़ बिजेंद्र पाण्डेय, सिकटा पवन त्रिपाठी, भटपुरवा शिव गोविन्द चौरसिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह, शैलेन्द्र मिश्रा उर्फ़ बाबा मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तिओ के साथ गलरा गांव के क्षेत्रीय लोगो ने पहुंचकर कतार बद्ध होकर प्रसाद को ग्रहण किया है। प्रसाद वितरण कार्यक्रम के सहयोग में कृष्ण दत्त मिश्र, अरुण मिश्रा, विनय मिश्रा, मनोकामना मिश्रा सहित परिवार के सदस्य लगे रहे।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम लालगंज की मौजूदगी में पांच प्रार्थना पत्रों में एक का हुआ निस्तारण

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ है। थाना समाधान दिवस पर कुल 5 मामले आये जिसमें 1 मामले मामले का निस्तारण किया गया। शेष मामलें में राजस्व तथा पुलिस कि टीम का गठन किया गया है मौके पर पहुंच कर निस्तारण किया जाएगा।

सोनगढा गाँव निवासी विनय सिंह उर्फबब्लू ने सोनगढा लिंक मार्ग सडक किनारे पशुपालकों द्वारा मवेशी बाधने की लिखित शिकायत की जिससे सडक पर बैठ जाते हैं। वाहन से आने जाने वालों को समस्या हो रही है। जिसमें अदवा सोनगढा, राजपुर, महुगढ सिकटा रोड सहित दर्जनों सडकों पर परेशानी हो रही है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम ने समस्या के निस्तारण का भरोसा दिया। इस मौके पर चकबंदी अधिकारी तेज बहादुर यादव, उपनिरीक्षक श्याम लाल, अच्छे लाल यादव, सुरेंद्र राम, रमाशंकर, कानूनगो अशोक कुमार दुबे, शिवकुमार चौबे, लेखपाल अमिताभ यादव, विनोद कुमार, संजीव कुमार उपाध्याय, राहुल यादव, बिंद्रेश मौर्य, कृष्णा सिंह पटेल, राहुल सिंह, शिवबाबू आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा के साथ खेलकूद भी जरुरी : डीएम

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



धनेवा धनेई स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में बीते शुक्रवार को आयोजित जनपदीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं, और उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी जरुरी है। उन्होंने बच्चों को निरंतर अभ्यास और अनुशासन के माध्यम से जीवन में सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। समापन समारोह के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडेय ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में जिले के सभी विकास खंडों के बच्चों ने भाग लिया। कुल 13 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने उत्साह और खेल भावना के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को आगामी मंडलीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर जिलेभर से आए शिक्षकगण, खंड शिक्षा अधिकारी और खेल प्रेमियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षा विभाग की टीम और आयोजकों की भूमिका सराहनीय रही। समारोह हर्षोल्लास और प्रेरणा के वातावरण में संपन्न हुआ, जिसने बच्चों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

## बिना नोटिस अधीक्षक पद से हटाए जाने पर डॉक्टर ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

सीएचसी निचलौल में डेढ़ महीने पहले आयोजित एक स्वास्थ्य कार्यक्रम में कम भीड़ को लेकर विधायक ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. उमेश चंद को फटकार लगाई थी। उनकी शिकायत सीएमओ से की।

इसके बाद सीएमओ ने अधीक्षक को पद से हटा दिया था। इसको लेकर अधीक्षक डॉ. उमेश चंद ने हाईकोर्ट की शरण ली है। मामले में हाईकोर्ट ने सीएमओ को 18 नवंबर को न्यायालय में हाजिर होने का आदेश दिया है। निचलौल सीएचसी में अधीक्षक रहे डॉ. उमेश चंद सिंह ने पद से हटाए जाने की कार्रवाई को अनुचित ठहराते हुए सीएमओ के विरुद्ध प्रयागराज हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

इस मामले में कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए सीएमओ से 18 नवंबर तक जवाब-तलब किया है। अदालत के इस आदेश से स्वास्थ्य महकमें में हड़कंप मच गया है। बीते 23 सितंबर-2025 को निचलौल सीएचसी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सिसवा विधायक ने सीएचसी अधीक्षक रहे डॉ. उमेश चंद सिंह को फटकार लगाई और उन्होंने डॉक्टर की शिकायत सीएमओ से की। इसके बाद उसी दिन सीएमओ ने अधीक्षक के पद से उन्हें हटा दिया। यह मामला इतना बढ़ा कि मौके पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया, जो देखते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। डॉक्टर ने अपनी याचिका में कहा है कि बिना किसी विधिक प्रक्रिया और जांच के उन्हें पद से हटाया गया जो कि मनमानी और नियम विरुद्ध है। बताया कि 23 सितंबर को ओपीडी में व स्वास्थ्य मेले में कुल 800 रोगियों का इलाज हुआ था। इसके बाद विधायक ने फटकार लगाई। इससे वे बहुत आहत हुए और बिना शिकायत के बिना नोटिस दिए उन्हें पद से हटा दिया गया।

## दबंगों ने आधी रात में अबला महिला के घर पर बोला धावा

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

- जमीनी विवाद बना जंग का मैदान
- यदि समय रहते मुकामी पुलिस चेती होती तो प्रशासन का फैसला बरकरार रहता और जंग न होती




जनपद के ठूठीबारी थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार और शनिवार की आधी रात को एक महिला के घर पर दबंगों ने धावा बोल दिया। बताया जा रहा है कि ठूठीबारी कस्बा निवासी तमन्ना अग्रहरि पुत्री शेषनाथ अग्रहरि के घर पर चंद्रभान जायसवाल, अजय जायसवाल और पवन जायसवाल समेत आधा दर्जन दबंग लोग लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से लैस होकर पहुंचे।उसके बाद हमला बोल दिया।

आरोप है कि आधी रात करीब 1:30 बजे दबंगों ने घर पर हमला करते हुए तोड़फोड़ की और ईंट-पत्थर फेंककर दहशत फैला दी। इस दौरान हुई मारपीट में कई लोग लहूलुहान हो गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद हमलावर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि जिस भूमि को लेकर विवाद चल रहा है, उस पर प्रशासन की मौजूदगी में कुछ दिन पहले दोनों पक्षों के बीच समझौते के बाद दीवार बनाई गई थी, लेकिन शुक्रवार की देर रात पड़ोसी पक्ष के लोगों ने दीवार को ढहा दिया। विरोध करने पर महिला पक्ष के लोगों को पीट दिया गया। घटना के बाद घायल व्यक्ति को ग्रामीणों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस पूरी घटना का वीडियो आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है। पीड़ित पक्ष ने ठूठीबारी थाने में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। तमन्ना अग्रहरि ने आरोप लगाया कि घटना की जानकारी पुलिस को देने के बावजूद समय पर कोई मदद नहीं मिली और अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल है। लोगों में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर नाराजगी भी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार कर न्याय दिलाया जाए।